वर्ष : 34 | अंक : 245 | मुंबई, बुधवार, 12 नवंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

DBD
दो बजे दोपहर

## महिलाओं को 10 हजार रुपये की राशि का असर?

महिला वोटर नीतीश कुमार के लिए हमेशा महत्वपूर्ण फैक्टर रही हैं। पिछले कार्यकालों में नीतीश कुमार की महिला हितैषी नीतियों ने उन्हें मुख्यमंत्री की गद्दी पर आसीन होने में मदद की है। इस बार भी नीतीश कुमार ने महिला वोटरों को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत नीतीश कुमार ने बिहार की लाखों महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपये की राशि भेजी है। आज आए एग्जिट पोल्स अगर सही साबित होते हैं तो यह माना जाएगा कि नीतीश कुमार महिला वोटरों पर अपनी मजबूत पकड़ बनाने में सफल रहे। हालांकि तेजस्वी यादव ने भी एक मुश्त रकम देने का वादा किया है।

**बिहार चुनाव 2025**

**17 एग्जिट पोल का पोल ऑफ पोल्स**

| NDA | महागठबंधन | अन्य |
|---|---|---|
| 154 | 83 | 6 |

कुल सीटें- 243 | बहुमत- 122




# फिर एक बार 'नीतीश' सरकार!

एजेंसी | पटना/नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए दोनों चरणों का मतदान आज शाम खत्म हो गया। 243 सीटों पर इस बार दोनों ही चरणों में बंपर मतदान हुआ है। मतदान के बाद अधिकतर एग्जिट पोल्स ने बिहार में एनडीए की फिर से सरकार बनने का अनुमान जताया है। 17 एजेंसियों के पोल ऑफ पोल्स में एनडीए को 154 सीटें मिलने का अनुमान है। महागठबंधन 83 सीटों पर सिमटता दिख रहा है, जबकि अन्य के खाते में 5 सीटें जा सकती हैं। पहली बार चुनाव में उतरी प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी बेअसर नजर आ रही है। उसे 3-5 सीटें मिलने का अनुमान है। पिछले चुनाव में एनडीए को 125, महागठबंधन को 110 और अन्य को 8 सीटें मिली थीं। यानी इस बार एनडीए को करीब 29 सीटों का फायदा, जबकि महागठबंधन को 27 सीटों का नुकसान होता दिख रहा है।

- 17 एजेंसियों के एग्जिट पोल में एनडीए को बंपर बहुमत
- 154 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत, महागठबंधन को 83 सीटें
- पीके की जन सुराज और ओवैसी बेअसर
- बिहार में कभी सटीक नहीं रहे एग्जिट पोल्स

### बंपर वोटिंग

पहले और दूसरे चरण में बिहार विधानसभा के अब तक के चुनावी इतिहास में सबसे ज्यादा वोटिंग दर्ज की गई है। 6 नवंबर को पहले चरण के तहत 121 सीटों पर 65 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ। वहीं, 11 नवंबर को दूसरे चरण की 122 सीटों पर रिकॉर्ड 68.5% मतदान हुआ। इसके बाद से यह माना जा रहा है कि नतीजे जिस भी गठबंधन के पक्ष में रहेंगे, वो एकतरफा रह सकते हैं।

### जनसुराज बेअसर?

प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज 200 से ज्यादा सीटों पर चुनाव में उतरी। हालांकि, किसी भी सर्वे एजेंसी के अनुमान में उनकी पार्टी ने दहाई का आंकड़ा नहीं छुआ। अगर नतीजे इसी तरह रहते हैं तो यह माना जा सकता है कि अपने पहले चुनाव में प्रशांत किशोर की पार्टी बेअसर रही। हालांकि, उनकी पार्टी को कितने वोट प्रतिशत मिलते हैं और वह किन सीटों पर किस गठबंधन को नुकसान पहुंचाती है, यह नतीजों के दिन स्पष्ट होगा।

### पिछले 2 चुनावों में गलत साबित हुए थे एग्जिट पोल

पिछले 3 विधानसभा चुनावों (2010, 2015, 2020) के एग्जिट पोल्स के रुझान बताते हैं कि सर्वे एजेंसियां वोटर्स का मूड ठीक से पकड़ नहीं पाईं। 2015 में ज्यादातर एग्जिट पोल्स ने NDA यानी भाजपा+ को बढ़त दी थी, जबकि नतीजों में महागठबंधन (RJD-JDU-कांग्रेस) ने स्पष्ट बहुमत हासिल किया। वहीं, 2020 में तस्वीर उलटी रही। इस बार कई एजेंसियों ने महागठबंधन की जीत का अनुमान लगाया, लेकिन परिणामों में NDA ने 125 सीटें जीतकर सरकार बनाई। यानी ज्यादातर पोल्स फिर गलत साबित हुए।

## ब्रीफ न्यूज़

### ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग की मांग पर हाईकोर्ट का फैसला

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को महाराष्ट्र विद्युत नियामक आयोग (एमईआरसी) की कार्यवाही की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य करने की मांग वाली जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि ऐसी रिकॉर्डिंग किसी भी अदालत में साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल नहीं की जा सकती। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही यह कह चुका है कि खुली अदालतों में सार्वजनिक सुनवाई न्याय के पारदर्शी प्रशासन के लिए आवश्यक है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि कार्यवाही की रिकॉर्डिंग की जा सकती है। पीठ ने याचिकाकर्ता कमलाकर रत्नाकर शेनॉय की जनहित याचिका को 'निजी हित याचिका' बताते हुए कहा कि इस तरह की याचिकाएं कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग हैं और इनकी निंदा की जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि कार्यवाही की रिकॉर्डिंग से न्यायिक प्रक्रिया में गंभीर विसंगतियां उत्पन्न हो सकती हैं और यह स्थापित कानूनी सिद्धांतों के विरुद्ध है।

### शकील अहमद ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. शकील अहमद ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने त्यागपत्र का ऐलान बिहार विधानसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण का मतदान खत्म होने के बाद किया ताकि उनके इस्तीफे को लेकर कोई गलत संदेश नहीं जाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेजे अपने दो पेज के इस्तीफे में पार्टी के साथ अपने पारिवारिक रिश्तों का भी हवाला दिया है। उन्होंने लिखा है कि उनके दादा मरहूम अहमद गफूर और पिता शकूर अहमद बिहार में पार्टी से विधायक रहे हैं। खुद वह भी विधायक और लोकसभा सांसद रहे। संगठन में भी महासचिव के तौर पर कई प्रदेशों की जिम्मेदारी संभाली। शकील अहमद ने कहा है कि वह किसी दूसरी पार्टी में शामिल होने के लिए कांग्रेस से इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। पर, मौजूदा हालात में पार्टी में बने रहना उनके लिए संभव नहीं है। इसलिए बेहद दुखी मन के साथ पार्टी से इस्तीफा दे रहे हैं।

### पतंजलि के 'धोखा' वाले च्यवनप्राश एड पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद के स्पेशल च्यवनप्राश एड को 72 घंटे के भीतर बंद करने का आदेश दिया है। इस एड में पतंजलि ने दूसरे ब्रांड्स को 'धोखा' कहा था।डाबर इंडिया की शिकायत पर जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने 6 नवंबर को ये अंतरिम आदेश पास किया था, जिसे आज पढ़ा गया। कोर्ट ने कहा कि आप तुलना करने वाला विज्ञापन चला सकते हैं, लेकिन दूसरों को नीचा दिखाने वाला या गलत और भ्रामक स्टेटमेंट्स नहीं चलेंगे। ये रोक फरवरी 2026 तक लागू रहेगी। अब पतंजलि अपने इस एड को टीवी, सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया कहीं भी नहीं दिखा सकता।

महाराष्ट्र कैबिनेट बैठक

# ग्रामीण जिला बैंकों को नया जीवनदान

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र की महायुति सरकार की कैबिनेट बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण बैंकिंग, न्यायपालिका की सुरक्षा, वित्त आयोग और जलसंपदा परियोजनाओं से जुड़े 5 महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। खासकर ग्रामीण जिला बैंकों को नया जीवनदान देने के मकसद से 827 करोड़ रुपए के पूंजी निवेश को मंजूरी दी गई। नासिक, नागपुर और धाराशिव जिले के तीन केंद्रीय सहकारी बैंकों को इससे वित्तीय मजबूती मिलेगी। ये निर्णय ग्रामीण बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत करने, न्यायपालिका की सुरक्षा बढ़ाने, वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने और मराठवाड़ा क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं को विस्तार देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।



- सहकारी बैंकों को मिलेंगे 827 करोड़ रुपए
- पांचवें वित्त आयोग की सिफारिशों की अवधि बढ़ी
- न्यायालय और न्यायाधीशों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान
- हिंगोली में दो जलसंपदा परियोजनाओं को मंजूरी

### पांचवें वित्त आयोग की सिफारिशों की अवधि बढ़ाई

राज्य सरकार ने पांचवें महाराष्ट्र वित्त आयोग की सिफारिशों की अवधि एक वर्ष बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब यह सिफारिशें 31 मार्च 2026 तक लागू रहेंगी। आयोग की स्थापना 2018 में हुई थी और इसे 2019 से पांच वर्षों के लिए रिपोर्ट पेश करने की जिम्मेदारी दी गई थी। इस बीच आयोग के अध्यक्ष के निधन के कारण छठवें वित्त आयोग की प्रक्रिया में विलंब हुआ। सरकार ने अब डॉ. नितीन करीर को छठवें वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है, जो 1 अप्रैल 2026 से कार्यभार संभालेंगे।

### तीन जिला सहकारी बैंकों को 827 करोड़ की सहायता

नाशिक, नागपुर और धाराशिव जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को शेयर पूंजी के रूप में 827 करोड़ रुपये प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इनमें नाशिक बैंक को 672 करोड़, नागपुर को 81 करोड़ और धाराशिव को 74 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इन बैंकों की आर्थिक स्थिति सुधारने और किसानों को फसल कर्ज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह मदद दी जा रही है। धाराशिव बैंक की लगातार बिगड़ती वित्तीय स्थिति को देखते हुए वहां के निदेशक मंडल को भंग कर प्रशासक नियुक्त करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### हिंगोली में डिग्रस तालाब परियोजना को मिली मंजूरी

हिंगोली जिले के डिग्रस भंडारण तालाब परियोजना के लिए 90 करोड़ 61 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। यह एक लघु सिंचाई परियोजना होगी जिसके तहत डिग्रस गांव के पास मिट्टी का बांध बनाया जाएगा। इस परियोजना से लगभग 603 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी और हिंगोली तहसील के तीन गांवों में पीने के पानी की समस्या का समाधान होगा।

### सुकली तालाब परियोजना पर 124 करोड़ खर्च होंगे

राज्य मंत्रिमंडल ने सेनगांव तहसील की सुकली भंडारण तालाब परियोजना के लिए 124 करोड़ 36 लाख रुपये का प्रावधान मंजूर किया है। इस परियोजना से सुकली और दाताला गांव की लगभग 677 हेक्टेयर जमीन सिंचाई के दायरे में आएगी। इससे क्षेत्र में कृषि उत्पादन बढ़ेगा और ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी। राज्य के न्यायालय परिसरों और न्यायाधीशों की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए मंत्रिमंडल ने 8,282 अतिरिक्त सुरक्षा रक्षक नियुक्त करने का निर्णय लिया है।

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई पुलिस से मांगा जवाब

- पत्नी शहजीन सिद्दीकी की याचिका पर सुनवाई
- पीठ ने पुलिस से मांगी केस डायरी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में उनकी पत्नी शहजीन सिद्दीकी की याचिका पर मुंबई पुलिस से जवाब मांगा है। उन्होंने अदालत से हत्या की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपने की मांग की है। न्यायमूर्ति अजय गडकरी और न्यायमूर्ति आर.आर. भोंसले की खंडपीठ ने मुंबई पुलिस के संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) और जांच अधिकारी से हलफनामा दाखिल कर यह स्पष्ट करने को कहा है कि क्यों न जांच एसआईटी को सौंपी जाए। अदालत ने पुलिस को अगली सुनवाई (11 दिसंबर) पर केस डायरी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

### जीशान सिद्दीकी के बयान पर विवाद

सुनवाई के दौरान यह विवाद उठा कि क्या बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी का बयान दर्ज किया गया है या नहीं। पुलिस का कहना था कि वे जीशान के संपर्क में हैं, जबकि याचिकाकर्ता पक्ष के वकील प्रदीप घरात ने इसे नकारा। अदालत ने कहा—"आप कह रहे हैं बयान दर्ज किया गया है, जबकि उनका कहना है नहीं किया गया। केस डायरी से यह स्पष्ट कीजिए।" शहजीन सिद्दीकी ने याचिका में आरोप लगाया कि पुलिस असली साजिशकर्ताओं को पकड़ने में विफल रही है। उन्होंने दावा किया कि हत्या के पीछे बिल्डर और राजनीतिक गठजोड़ शामिल है, इसलिए निष्पक्ष जांच के लिए एसआईटी का गठन जरूरी है।

## 'मिनी विधानसभा' के लिए सीएम फडणवीस ने फूंका बिगुल

भाजपा को बनाना है नंबर वन पार्टी : सीएम



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के चुनावों का बिगुल बज चुका है और भाजपा ने इन "मिनी विधानसभा" कहे जाने वाले चुनावों के लिए अपनी रणनीति तेज कर दी है। मंगलवार को मुंबई में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी सभी निकाय चुनावों में भाजपा को राज्य की नंबर वन पार्टी बनाना है और महायुति की जीत हर हाल में सुनिश्चित करनी है।

### बावनकुले बने चुनाव प्रभारी

इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले को महाराष्ट्र में स्थानीय स्वराज्य संस्था चुनावों के लिए भाजपा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया। फडणवीस की उपस्थिति में हुई बैठक में सभी जिला प्रभारियों को चुनावी तैयारियों को गति देने और मतदाता संपर्क बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

### दो-तिहाई बहुमत का लक्ष्य

चुनाव प्रभारी बावनकुले ने बैठक में कहा कि भाजपा-महायुति गठबंधन राज्य में 51 प्रतिशत मत हासिल करके दो-तिहाई बहुमत से जीत दर्ज करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि महाराष्ट्र की सभी महानगरपालिका, जिला परिषद और नगर पंचायतों में महायुति का प्रदर्शन ऐतिहासिक रहेगा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने निर्देश दिया कि महायुति में तालमेल और समन्वय बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस उद्देश्य से हर जिले में तीन मंत्रियों की एक समन्वय समिति बनाई जाएगी — जिसमें एक मंत्री भाजपा से, एक शिवसेना (शिंदे गुट) से और एक एनसीपी (अजित पवार गुट) से होगा।

## दिल्ली ब्लास्ट: हड़बड़ी में किया बम ब्लास्ट?

- व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल में एक और डॉक्टर को हिरासत में लिया गया
- 3 एंगल पर कर रही पुलिस



एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास धमाके से जुड़ा एक CCTV फुटेज मंगलवार को सामने आने के बाद पुलिस की जांच 3 एंगल (डॉ. उमर के मूवमेंट, फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल और विस्फोटक) पर फोकस हो गई है। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि धमाके को अंजाम देने वाला आतंकी डॉक्टर उमर मोहम्मद पहले से ही सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर था। सूत्रों की मानें तो फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल का पर्दाफाश होने के बाद वह गिरफ्तारी के डर से हड़बड़ी में दिल्ली पहुंचा और वहां विस्फोट कर दिया। हालांकि सुरक्षा एजेंसियां सच्चाई का पता लगाने के लिए कई पहलुओं पर जांच कर रही है।

### पुलिस की जांच के 2 एंगल

पुलिस जांच तीन एंगल से आगे बढ़ रही है। पहला एंगल संदिग्ध डॉ. उमर की गतिविधियों से जुड़ा है, जो दोपहर 3:19 से शाम 6:22 बजे के बीच क्या कर रहा था—क्या वह गाड़ी के पास रुका, किसी से मिला या इलाके की टोह ले रहा था, यह जांच का मुख्य बिंदु है। दूसरा एंगल फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी के डॉक्टरों और उनसे जुड़े नेटवर्क से संबंधित है, जिनके स्लीपर सेल से जुड़े होने की आशंका है।

### डॉक्टर सज्जाद अहमद गिरफ्तार

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुलवामा से एक और डॉक्टर सज्जाद अहमद माला को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। वह गिरफ्तार किए गए डॉक्टर उमर के करीबी दोस्त बताया जा रहा है। पुलिस को लगातार नए सबूत मिल रहे हैं और उनके आधार पर यह कार्रवाई की गई है। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि आगे भी और व्यक्तियों को पूछताछ के दायरे में लाया जा सकता है।

मुंबई महानगरपालिका चुनाव

## वार्ड आरक्षण की लॉटरी घोषित

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के वार्ड आरक्षण की लॉटरी घोषित की गई, जिस पर कई नेताओं का राजनीतिक भविष्य टिका था। इस बार 227 सदस्यीय बीएमसी चुनाव राज्य की राजनीति में अहम भूमिका निभाने वाला है। आरक्षण की घोषणा के साथ ही राजनीतिक दलों में टिकट वितरण और उम्मीदवार चयन की हलचल तेज हो गई है। कुल 227 सीटों में से 114 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रखी गई हैं। वर्गवार आरक्षण के अनुसार—अनुसूचित जाति (SC) के लिए 15 वार्ड (8 महिलाओं के लिए), अनुसूचित जनजाति (ST) के लिए 2 वार्ड (1 महिला के लिए), अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के लिए आरक्षित किए गए हैं।

**114 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित**

अवसान — लोकोमोटिव प्रोडक्शन में रिकॉर्ड, तीन रेल मंत्री अवॉर्ड

# सेंट्रल रेलवे के जीएम विजय कुमार का निधन



मुनीब चौरसिया | मुंबई

सेंट्रल रेलवे के महाप्रबंधक विजय कुमार का मंगलवार सुबह मुंबई में निधन हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उन्हें नींद के दौरान हृदयाघात (कार्डियक अरेस्ट) आया। उन्हें तत्काल जसलोक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। विजय कुमार अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी को छोड़ गए हैं। रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

> "विजय कुमार एक दूरदर्शी, ईमानदार और कर्मठ अधिकारी थे। उनके नेतृत्व और कार्यशैली से संगठन को हमेशा प्रेरणा मिलती रही। उनका निधन रेलवे परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है।
>
> — प्रवक्ता, सेंट्रल रेलवे

### केवल 42 दिन पहले संभाला था कार्यभार

विजय कुमार भारतीय रेलवे यांत्रिक इंजीनियर सेवा (IRSME) के 1988 बैच के वरिष्ठ अधिकारी थे। उन्होंने 1 अक्टूबर 2025 को ही मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के रूप में पदभार ग्रहण किया था।

### रेलवे विकास में रहा अहम योगदान

उन्होंने ने चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स में जीएम रहते हुए इतिहास रचा। उनके नेतृत्व में वित्त वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 700 विश्वस्तरीय लोकोमोटिव का प्रोडक्शरन हुआ है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 777 का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा गया था, जिसमें पहले छह महीनों में ही 417 लोकोमोटिव डिस्पैच हो चुके थे। पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़ से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक करने वाले विजय कुमार ने नॉर्दर्न, नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे, रेलवे बोर्ड और आरडीएसओ में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। रेलवे बोर्ड में वे स्पेनिश टैल्गो ट्रेनों के स्पीड ट्रायल और सेमी-हाईस्पीड कॉरिडोर के नोडल अधिकारी रहे। यह परीक्षण भारतीय रेलवे के गति सुधार प्रयासों में मील का पत्थर साबित हुआ था। बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में एनएचएसआरसीएल के रोलिंग स्टॉक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के तौर पर पांच साल तक काम किया।

### तीन बार मिला रेल मंत्री अवॉर्ड

उन्हें 1995 में लोको फेलियर 35% कम करने, 1999 में लोको रिलायबिलिटी 150% बढ़ाने और 2011 में राजभाषा योगदान के लिए तीन बार रेल मंत्री अवॉर्ड मिला। आरडीएसओ में शिकायतें 150% कम करने पर डीजी अवॉर्ड भी मिला। मध्य रेलवे में जीएम बनते ही उन्होंने सुरक्षा, यात्री सुविधा, सस्टेनेबिलिटी और क्षमता वृद्धि पर जोर दिया था।

न्यूज़ ब्रीफ

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर रईस हाई स्कूल में आयोजन



**भिवंडी।** महान स्वतंत्रता सेनानी, भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री और भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती के अवसर पर रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज, भिवंडी में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सिकंदर अली इस्लाही (लखनऊ) ने की, जबकि उप-प्राचार्य आमिर सिद्दीकी, सहायक प्रधानाध्यापक मुखलिस मदू और वाईसीएमओयू अध्ययन केंद्र के समन्वयक अब्दुल अज़ीज़ अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. सिकंदर अली इस्लाही ने मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के जीवन, विचारों और योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मौलाना आज़ाद ने आधुनिक भारतीय शिक्षा प्रणाली को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और यूजीसी व आईआईटी जैसे संस्थानों की नींव रखी। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे मौलाना आज़ाद के विचारों, आदर्शों और पुस्तकों से प्रेरणा लेकर देश में ज्ञान, शांति और प्रेम का वातावरण बनाएं।

## बांद्रा टर्मिनस एवं पालिताना/भावनगर टर्मिनस के बीच चलाएगी दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें



**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा जैन पारणा के त्योहारी सीज़न के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से बांद्रा टर्मिनस एवं पालिताना/भावनगर टर्मिनस स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

**ट्रेन संख्या 09229/09230 बांद्रा टर्मिनस-पालिताना/भावनगर टर्मिनस स्पेशल**

ट्रेन संख्या 09229 बांद्रा टर्मिनस-पालिताना स्पेशल गुरुवार, 20 नवम्बर, 2025 को बांद्रा टर्मिनस से 14:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 06:00 बजे पालिताना पहुँचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09230 भावनगर टर्मिनस-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल बुधवार, 19 नवम्बर, 2025 को भावनगर टर्मिनस से 21:20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11:20 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद, बोटाद, धोला, सोनगढ़ और सिहोर (गुजरात) स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09230 भावनगर टर्मिनस-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल का भावनगर परा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव होगा।

**ट्रेन संख्या 09231/09232 बांद्रा टर्मिनस-पालिताना/भावनगर टर्मिनस स्पेशल**

ट्रेन संख्या 09231 बांद्रा टर्मिनस - भावनगर टर्मिनस स्पेशल शनिवार, 22 नवम्बर, 2025 को बांद्रा टर्मिनस से 12:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 04:45 बजे भावनगर टर्मिनस पहुँचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09232 पलिताना-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल शुक्रवार, 21 नवम्बर, 2025 को पलिताना से 20:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 10:00 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद, बोटाद, धोला, सोनगढ़ और सिहोर (गुजरात) स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09231 बांद्रा टर्मिनस-भावनगर टर्मिनस स्पेशल का भावनगर परा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव होगा।

ठाणे नगर निगम चुनाव

# विभिन्न श्रेणियों के आरक्षण की घोषणा

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

साल 2025 में ठाणे महानगरपालिका के आम चुनावों के लिए आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया मंगलवार को राम गणेश गडकरी रंगायतन में संपन्न हुई। प्रशासक एवं मनपा आयुक्त सौरभ राव की अध्यक्षता में हुए इस ड्रॉ में अनुसूचित जाति (महिला) के लिए 5, अनुसूचित जनजाति (महिला) के लिए 2, पिछड़ा वर्ग (नागरिक) के लिए 18 और सामान्य (महिला) वर्ग के लिए 41 सीटें आरक्षित की गईं।



### विद्यार्थियों के हाथों निकला आरक्षण ड्रॉ

कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त (द्वितीय) प्रशांत रोडे, उपायुक्त (मुख्यालय) जी.जी. गोदापुरे, उपायुक्त (चुनाव) उमेश बिरारी और सहायक आयुक्त (चुनाव) बालू पिचड़ उपस्थित थे। ड्रॉ प्रक्रिया का संचालन उपायुक्त उमेश बिरारी ने किया, जबकि ठाणे मनपा स्कूल क्रमांक 7 की आठवीं कक्षा की छात्राएँ पीहू गौंड और अंशिका प्रजापति ने आरक्षण ड्रॉ निकाला, जिससे प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रही।

### ठाणे की जनगणना और आरक्षण अनुपात

ठाणे मनपा की 2025 की जनगणना के अनुसार कुल जनसंख्या 18,41,488 है, जिसमें अनुसूचित जाति की आबादी 1,26,003 और अनुसूचित जनजाति की 42,698 है। राज्य चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार 131 सीटों में से 9 अनुसूचित जाति, 3 अनुसूचित जनजाति, 35 पिछड़ा वर्ग और 84 सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित हैं। इनमें कुल 66 सीटें महिलाओं के लिए सुरक्षित रखी गई हैं।

### वार्ड संरचना और सीटों का वितरण

ठाणे मनपा क्षेत्र में कुल 33 वार्ड हैं, जिनमें 32 वार्ड चार सदस्यीय और एक वार्ड तीन सदस्यीय है। इस प्रकार कुल 131 सदस्य चुने जाएंगे। अंतिम वार्ड संरचना पहले ही प्रकाशित की जा चुकी है। सीटों का वितरण इस प्रकार है — सामान्य ओपन 43, सामान्य महिला 41, पिछड़ा वर्ग नागरिक 17, पिछड़ा वर्ग महिला 18, अनुसूचित जाति 4, अनुसूचित जाति महिला 5, अनुसूचित जनजाति 1 और अनुसूचित जनजाति महिला 2 सीटें।

### आपत्तियाँ और सुझाव दर्ज करने की प्रक्रिया

मनपा आयुक्त सौरभ राव ने बताया कि आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। अब नागरिक अपनी आपत्तियाँ और सुझाव मनपा मुख्यालय स्थित शहरी सुविधा केंद्र या नौ वार्ड समिति कार्यालयों में जमा कर सकते हैं। ठाणे मनपा प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ईमेल या ऑनलाइन भेजी गई आपत्तियाँ स्वीकार नहीं की जाएँगी। सभी सुझावों पर विचार के बाद आरक्षण की अंतिम अधिसूचना जारी की जाएगी।

## बिना पंजीकरण के चल रही दिव्यांग संस्थाओं पर होगी कार्रवाई

धर्मेंद्र उपाध्याय | ठाणे

ठाणे और मुंबई संभाग के विभिन्न जिलों में दिव्यांगजनों के क्षेत्र में कार्यरत कई संस्थाएँ सरकार के साथ पंजीकरण के बिना कार्य कर रही हैं। इस पर गंभीरता दिखाते हुए दिव्यांग कल्याण विभाग ने चेतावनी जारी की है कि बिना पंजीकरण के संचालित संस्थाओं के खिलाफ दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 91 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार ने दिव्यांग कल्याण आयुक्त को इस अधिनियम के तहत सक्षम अधिकारी घोषित किया है, जिनके माध्यम से संस्थाओं को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है। बिना इस प्रमाणपत्र के संचालन करना कानून का उल्लंघन माना जाएगा और ऐसी संस्थाएँ दंडात्मक कार्रवाई के दायरे में आएँगी।

### संस्थाओं को 30 नवंबर तक पंजीकरण कराने का निर्देश

ठाणे जिला परिषद के समाज कल्याण विभाग की प्रमुख उज्ज्वला सपकाले ने कहा कि जिले में दिव्यांगों के पुनर्वास, शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए काम करने वाली सभी संस्थाओं को 30 नवंबर 2025 तक जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के कार्यालय में अपने प्रस्ताव प्रस्तुत कर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करनी होगी। अन्यथा, विभाग की ओर से कार्रवाई की जाएगी। पंजीकरण के लिए संस्थाओं को अपने पंजीकरण दस्तावेज, कार्य का विवरण, लाभार्थियों की जानकारी और आवश्यक कागजात जमा करने होंगे। जो संस्थाएँ पंजीकरण नहीं कराएँगी, उन्हें न तो सरकारी मान्यता मिलेगी, न ही किसी प्रकार की वित्तीय सहायता या अन्य लाभ प्रदान किए जाएँगे।

## स्वस्थ शरीर से ही बनेगा सशक्त भारत - रविंद्र चव्हाण

डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली




भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने कहा कि देश के भविष्य निर्माण के लिए स्वस्थ शरीर सबसे उपयुक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने की जिम्मेदारी युवाओं पर है, इसलिए व्यसन से दूर रहकर नियमित व्यायाम जरूरी है। इसी उद्देश्य से 'डोंबिवलीकर मैराथन' का आयोजन किया गया। कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका के आयुक्त अभिनव गोयल, पुलिस उपायुक्त, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर साक्षी चौधरी और अभिनेता गश्मीर महाजनी ने इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। रविवार को हुई इस मैराथन में लगभग 6,500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 21 किमी हाफ मैराथन में पुरुष वर्ग में राज तिवारी और महिला वर्ग में अमृता पटेल विजेता रहे। 10 किमी दौड़ में सूरज झोरे और रिंकी सिंह ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि 5 किमी स्पर्धा में ओंकार कुंभार और पायल विश्वकर्मा ने जीत दर्ज की। यह 'डोंबिवलीकर मैराथन और फ्रेंडशिप रन 2025' का दूसरा वर्ष था, जिसमें 6 साल से लेकर 75 वर्ष तक के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कल्याण, मुंबई, ठाणे, पुणे, रत्नागिरी और अहमदाबाद समेत कई शहरों से धावक पहुंचे। आयोजन का उद्देश्य नागरिकों में फिटनेस और खेल भावना को प्रोत्साहन देना रहा।

वसई-विरार मनपा चुनाव

# आरक्षण प्रक्रिया पारदर्शी माहौल में संपन्न

ओमप्रकाश यादव | वसई

वसई-विरार शहर महानगरपालिका चुनाव 2025 के लिए अनुसूचित जाति (महिला), अनुसूचित जनजाति (महिला), नागरिक मागासवर्ग (OBC), मागासवर्ग (महिला) और सर्वसाधारण महिला वर्ग के आरक्षण निर्धारण हेतु ड्रॉ प्रक्रिया 11 नवंबर 2025 को महानगरपालिका मुख्यालय में सम्पन्न हुई। यह प्रक्रिया मनपा की प्रशासक एवं आयुक्त डॉ. इंदुराणी जाखड़ (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम का आरंभ अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाडे के स्वागत भाषण से हुआ, इसके बाद सहायक आयुक्त (चुनाव) विश्वनाथ तळेकर ने प्रभाग संरचना, जनसंख्या और आरक्षण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।



### कुल 115 सीटों में वर्गवार आरक्षण तय

मनपा क्षेत्र में कुल 29 प्रभाग बनाए गए हैं, जिनमें 28 प्रभागों में 4-4 और एक प्रभाग में 3 सदस्य के अनुसार कुल 115 सीटें तय की गईं। इनमें अनुसूचित जाति (महिला) के लिए प्रभाग क्र. 11A, 14A और 19A, अनुसूचित जनजाति (महिला) के लिए प्रभाग क्र. 19B, 25A और 27A आरक्षित किए गए। मागासवर्ग (महिला) के लिए कुल 16 सीटें (1B, 2A, 4A, 6A, 7A, 8A, 9A, 12A, 13A, 15A, 17A, 20C, 21B, 23A, 26A, 29A) तय की गईं, जबकि सर्वसाधारण महिला वर्ग के लिए 36 सीटें आरक्षित रहीं। आयुक्त डॉ. इंदुराणी जाखड़ के मार्गदर्शन में मनपा प्रशासन ने आरक्षण ड्रॉ प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बड़ी स्क्रीन, स्थानीय केबल नेटवर्क और यूट्यूब पर किया गया। चिट्ठियों के माध्यम से शालेय छात्रों ने सभी के समक्ष आरक्षण तय किया। मनपा द्वारा वितरित पत्रकों में प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे नागरिकों में पारदर्शिता बनी रही।

मीरा-भाईंदर मनपा चुनाव

# आरक्षण की लॉटरी प्रक्रिया पूरी

**▸▸ 48 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित**
**▸▸ आयुक्त राधाबिनोद शर्मा की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुआ कार्यक्रम**

विनय दूबे | भाईंदर

मीरा-भाईंदर महानगरपालिका (एमबीएमसी) द्वारा आगामी सार्वत्रिक चुनाव 2025 के लिए आरक्षण की घोषणा और लॉटरी प्रक्रिया 11 नवंबर को सुबह 11 बजे मीरा रोड स्थित महाराष्ट्र भूषण, पद्मश्री डॉ. आप्पासाहेब धर्माधिकारी सभागृह में संपन्न हुई। इस मौके पर आयुक्त एवं प्रशासक राधाबिनोद शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। लॉटरी प्रणाली से तय हुए आरक्षण परिणामों में इस बार कोई बड़ा उलटफेर देखने को नहीं मिला। 2017 के चुनाव की तुलना में अधिकतर प्रमुख सीटों की स्थिति लगभग यथावत रही। केवल इतना बदलाव हुआ है कि 2017 में अनुसूचित जनजाति की एक सीट महिलाओं के लिए आरक्षित थी, जबकि इस बार 2025 में यह सीट पुरुष के लिए आरक्षित की गई है।




### 95 सदस्यीय सदन में 48 सीटें महिलाओं के लिए

2011 की जनगणना के अनुसार, शहर की कुल आबादी 8,93,078 है, जिसमें अनुसूचित जाति की जनसंख्या 30,243 और अनुसूचित जनजाति की 12,596 है। प्रभागों की संख्या पूर्ववत 24 ही रखी गई है, जिनमें से एक प्रभाग में तीन सदस्य होंगे। कुल सदस्यों की संख्या 95 तय की गई है, जिनमें से 48 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं।

### आरक्षण का ब्योरा

ओबीसी वर्ग के लिए कुल 38 सीटें आरक्षित की गई हैं, जिनमें 25 पुरुष और 13 महिला सीटें शामिल हैं। सामान्य वर्ग के लिए 98 सीटें तय की गई हैं, जिनमें 65 पुरुष और 33 महिला सीटें आरक्षित हैं। वहीं, अनुसूचित जाति वर्ग को कुल 6 सीटें मिली हैं—4 पुरुष और 2 महिला सीटें। अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए एक पुरुष सीट निर्धारित की गई है। यह पूरी आरक्षण प्रक्रिया राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार पारदर्शी ढंग से संपन्न की गई।

### राजनीतिक समीकरण और नेताओं की साख दांव पर

2017 में हुए नगर निगम चुनाव में भाजपा ने 61 सीटें, अविभाजित शिवसेना ने 22 सीटें, और कांग्रेस ने 12 सीटें जीती थीं। अब तीन साल बाद होने वाले आगामी मनपा चुनाव में भाजपा के विधायक नरेंद्र मेहता और परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक की प्रतिष्ठा दांव पर है। हाल ही में हुए भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में नरेंद्र मेहता ने "अबकी बार 70 पार" का नारा दिया है, जबकि प्रताप सरनाईक शिवसेना (शिंदे गुट) को मजबूत कर 22 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। हालांकि, दोनों दलों के बीच गठबंधन की स्थिति को लेकर संशय बना हुआ है। शिवसेना में शामिल हुए कुछ नए सदस्य विधायक नरेंद्र मेहता पर युति (गठबंधन) को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगा रहे हैं। इस कारण भाजपा-शिवसेना (शिंदे गुट) की संभावित युति को इस बार शहर की राजनीति में गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

## आयुक्त ने किया सड़कों के सुधार कार्यों का औचक निरीक्षण

**▸▸ गुणवत्ता बनाए रखते हुए तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश**

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

नवी मुंबई में बारिश का मौसम समाप्त होते ही महानगरपालिका आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार अभियांत्रिकी विभाग ने शहर में सड़कों के सुधार कार्यों को तेज़ कर दिया है। डॉ. शिंदे ने शहर अभियंता शिरीष आरदवाड के साथ सीवूड परिसर में सड़क निर्माण कार्यों का बिना पूर्व सूचना के औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण और तेज़ी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कार्यकारी अभियंता मदन वाघचौडे भी उपस्थित थे। मई से हुई भारी बारिश और विभिन्न प्राधिकरणों द्वारा की गई सड़कों की खुदाई के कारण कई इलाकों में सड़कों पर गड्ढे बन गए थे। बारिश के चलते इन सड़कों का पुनर्पृष्ठीकरण संभव नहीं हो पाया था, जिससे नागरिकों को असुविधा हो रही थी। नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने सभी विभागों को सड़क सुधार कार्यों पर प्राथमिकता देने के निर्देश दिए थे। इसके तहत अब सीवूड सेक्टर 46, 48 और 50 में डामरीकरण कार्य तेजी से जारी है।

### गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष जोर



निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने निर्देश दिया कि सड़कों की सतह का समतल पुनर्पृष्ठीकरण किया जाए, पहले गड्ढों की मरम्मत बीएम लेयर से और फिर अंतिम परत डामर से की जाए। उन्होंने कहा कि डामर का तापमान 120 डिग्री सेल्सियस से कम नहीं होना चाहिए ताकि सड़कें मजबूत और टिकाऊ बनें। डॉ. शिंदे ने अक्षर सिग्नल, एल एंड टी पुल के समीप चौराहा और सेक्टर 50 की मुख्य सड़क का निरीक्षण करते हुए कार्य की गुणवत्ता की स्वयं पुष्टि की। आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़क सुधार और जलवाहिनी कार्य 8 से 10 दिनों के भीतर पूर्ण किए जाएँ। साथ ही, उन्होंने कहा कि सभी कार्यों की त्रिस्तरीय (थर्ड-पार्टी) जांच की जाए ताकि गुणवत्ता से कोई समझौता न हो।

## भिवंडी मनपा में वार्ड आरक्षण लॉटरी प्रक्रिया संपन्न

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

राज्य निर्वाचन आयोग, महाराष्ट्र राज्य के निर्देशानुसार भिवंडी-निजामपुर महानगरपालिका के आयुक्त अनमोल सागर (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में मंगलवार को वार्ड आरक्षण की लॉटरी प्रक्रिया बड़े उत्साह और पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। यह कार्यक्रम मानसी भारत गड़ा डिग्री कॉलेज के शांति चंदन सभागृह, अंजूरफाटा, भिवंडी रोड रेलवे स्टेशन के समीप आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों के हाथों निकाली गई आरक्षण चिट्ठियाँ

कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा चिट्ठियों के माध्यम से 23 प्रभागों (वार्डों) का आरक्षण तय किया गया। यह प्रक्रिया राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक MCO 2024/प्र.क्र.181/नवि-14 दिनांक 20 मई 2025 तथा राज्य निर्वाचन आयोग के पत्र क्रमांक रानिआ/मनपा 2025/प्र.क्र.43/का-5 दिनांक 24 और 27 अक्टूबर 2025 के निर्देशों के तहत आयोजित की गई। पूरे कार्यक्रम का सीधा प्रसारण YouTube पर किया गया, जिसे लगभग 1,100 नागरिकों ने लाइव देखा।




### 90 सीटों में से 45 महिलाओं के लिए आरक्षित

लॉटरी प्रक्रिया में कुल 90 सीटों के लिए आरक्षण तय किया गया। इनमें मागासवर्ग (पिछड़ा वर्ग) के लिए 24 सीटें, अनुसूचित जाति के लिए 3 सीटें (जिनमें से 2 महिलाओं हेतु आरक्षित) और अनुसूचित जनजाति के लिए 1 सीट आरक्षित की गई। महिलाओं के लिए कुल 45 सीटें निर्धारित की गई हैं, जिनमें सामान्य, मागासवर्ग और अनुसूचित जाति वर्ग सम्मिलित हैं। वार्ड आरक्षण के परिणाम राज्य निर्वाचन आयोग की स्वीकृति के लिए भेजे गए हैं। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे 17 से 24 नवंबर 2025 तक दोपहर 3 बजे तक अपनी आपत्तियाँ या सुझाव चुनाव विभाग, नई प्रशासनिक इमारत (पहली मंजिल) में प्रस्तुत कर सकते हैं। शांतिपूर्ण और पारदर्शी प्रक्रिया से संतुष्ट नागरिकों ने मनपा प्रशासन की सराहना की।

उल्हासनगर मनपा चुनाव

# आरक्षण घोषित, महिलाओं को मिला बड़ा अवसर

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर महानगर पालिका चुनाव 2025 के लिए आरक्षण की घोषणा मंगलवार दोपहर टाउन हॉल स्थित शहीद जनरल अरुण कुमार वैद्य सभागृह में की गई। इस मौके पर शहर के राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई। पार्टी नेताओं, संभावित उम्मीदवारों और नागरिकों की भीड़ इस बहुप्रतीक्षित ड्रा प्रक्रिया को देखने के लिए उमड़ी थी।




### कुल सीटों का आरक्षण वर्गवार विवरण

उल्हासनगर महानगर पालिका में कुल 78 सदस्यीय सीटों में से 13 सीटें अनुसूचित जाति (SC), 1 सीट अनुसूचित जनजाति (ST), 21 सीटें पिछड़ा वर्ग (OBC) और 43 सीटें सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित की गई हैं, जबकि इनमें से कुल 39 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रखी गई हैं। चुनाव विभाग ने बताया कि आरक्षण ड्रा की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। प्रत्येक वार्ड की श्रेणी बड़ी स्क्रीन पर प्रदर्शित की गई, कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई और निरीक्षण के लिए जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों को भी आमंत्रित किया गया।

### आपत्तियों के लिए तय की गई समयसीमा

उल्हासनगर मनपा ने घोषणा की है कि आरक्षण पर आपत्तियाँ या सुझाव 17 नवंबर से 24 नवंबर 2025 (दोपहर 3 बजे तक) प्रस्तुत किए जा सकते हैं। आपत्तियाँ केवल व्यक्तिगत रूप से मनपा मुख्यालय या संबंधित वार्ड कार्यालयों में जमा करनी होंगी। मनपा ने स्पष्ट किया है कि ऑनलाइन, ईमेल या वेबसाइट के माध्यम से भेजी गई आपत्तियाँ स्वीकार नहीं की जाएंगी।

### पारदर्शी प्रक्रिया में संपन्न हुआ ड्रा

यह आरक्षण ड्रा आयुक्त मनीषा अव्हाले, अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवास और उपायुक्त (चुनाव) विशाखा मोटघरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जैसे ही वार्डों के आरक्षण की घोषणा होती गई, हॉल में कभी खुशी, कभी निराशा और कभी आश्चर्य के भाव देखने को मिले।

### महिलाओं के लिए बड़ा मौका

इस बार के उल्हासनगर मनपा चुनाव में महिलाओं के लिए कुल 39 सीटें आरक्षित की गई हैं। इससे महिला नेतृत्व को बड़ा अवसर मिलने की संभावना जताई जा रही है।

## काम पर जा रही महिला से जबरदस्ती की कोशिश आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** बोरीवली इलाके में काम पर जा रही एक महिला से जबरदस्ती करने की कोशिश की गई, लेकिन महिला की हिम्मत और तत्परता से पुलिस ने आरोपी को कुछ ही घंटों में पकड़ लिया। घटना उस वक्त हुई जब महिला सुनसान रास्ते से गुजर रही थी, तभी आरोपी संजय राजपूत ने उसे पकड़कर पुल के नीचे ले जाने की कोशिश की और अश्लील हरकतें करने लगा। महिला ने साहस दिखाते हुए खुद को छुड़ाया और डर के मारे अपने सोने के गहने व मोबाइल आरोपी को देकर वहां से भाग निकली। उसने तुरंत बोरीवली पुलिस स्टेशन पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और महिला की सभी वस्तुएं बरामद कर लीं। आरोपी सफाई और होटल में बर्तन धोने का काम करता था। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

कृष्णा-गोदावरी गैस चोरी मामला

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने सीबीआई को जारी किया नोटिस

## 1.55 अरब डॉलर मूल्य की गैस चोरी का आरोप

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) पर आंध्र प्रदेश के तट से सटे कृष्णा गोदावरी बेसिन में तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के कुओं से कथित रूप से 1.55 अरब डॉलर से अधिक मूल्य की प्राकृतिक गैस चोरी करने के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी किया है। याचिका सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र मारू द्वारा दायर की गई थी, जिसमें सीबीआई जांच की मांग की गई है।

### याचिका में आपराधिक मामले की मांग



याचिका में दावा किया गया है कि यह षड्यंत्र मुंबई में रचा गया था, जिससे सीबीआई को इस मामले की जांच करने का अधिकार प्राप्त है। याचिकाकर्ता ने अदालत से आरआईएल और उसके निदेशकों के खिलाफ चोरी, बेईमानी से गबन और विश्वासघात के आरोपों में आपराधिक मामला दर्ज करने के निर्देश देने की अपील की। न्यायमूर्ति अजय गडकरी और न्यायमूर्ति रंजीत सिंह भोंसले की खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 18 नवंबर 2025 को निर्धारित की है।

### 2004 से 2014 के बीच कथित अनधिकृत ड्रिलिंग

याचिका के अनुसार, आरआईएल ने 2004 से 2014 के बीच अपने अनुबंधित समुद्री क्षेत्र से सटे ओएनजीसी के कुओं में अनधिकृत ड्रिलिंग की और गैस निकालकर अवैध लाभ अर्जित किया। ओएनजीसी अधिकारियों ने 2013 में इस अनियमितता का पता लगाया और सरकार को इसकी जानकारी दी। बाद में ए.पी. शाह समिति ने इस कथित चोरी की गैस का मूल्य 1.55 अरब डॉलर से अधिक आंका। गौरतलब है कि इस विवाद में पहले आरआईएल को मध्यस्थता में अपने पक्ष में फैसला मिला था, लेकिन 14 फरवरी 2025 को दिल्ली हाईकोर्ट ने सरकार की अपील स्वीकार करते हुए इस निर्णय को रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि यह पुरस्कार "सार्वजनिक नीति के विरुद्ध" है और रिलायंस के पक्ष में दिए गए आदेश को निरस्त कर दिया गया।

# 'राज्य चिड़ियाघर प्राधिकरण' का गठन

## सरकार ने दी 53.67 लाख रुपये की योजना को मंजूरी



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने चिड़ियाघर प्रबंधन की गुणवत्ता बढ़ाने और वन्यजीव संरक्षण के प्रयासों को सशक्त बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने 'महाराष्ट्र राज्य चिड़ियाघर प्राधिकरण' के गठन को मंजूरी दी है, जो राजस्व और वन विभाग के अंतर्गत कार्य करेगा। इस पहल का उद्देश्य राज्यभर के चिड़ियाघरों में बेहतर देखरेख, संचालन और संरक्षण व्यवस्था लागू करना है।

राज्य सरकार ने मंगलवार को जारी सरकारी प्रस्ताव (जीआर) में स्पष्ट किया कि यह प्राधिकरण चिड़ियाघरों के कुशल प्रबंधन और वन्यजीव संरक्षण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बनाया गया है। यह कदम पर्यावरणीय संतुलन और जैव विविधता संरक्षण की दिशा में एक प्रशासनिक सुधार माना जा रहा है। सरकार ने 'महाराष्ट्र राज्य चिड़ियाघर प्राधिकरण की स्थापना' योजना के लिए 53.67 लाख रुपये के वित्तीय व्यय को मंजूरी दी है। यह राशि प्राधिकरण के प्रारंभिक संचालन, प्रशासनिक ढांचे और संस्थागत व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए खर्च की जाएगी।

### प्रधान मुख्य वन संरक्षक के अधीन रहेगा नियंत्रण

जीआर के अनुसार, प्राधिकरण का प्रशासनिक नियंत्रण नागपुर स्थित प्रधान मुख्य वन संरक्षक (योजना, परियोजना और विकास) के अधीन रहेगा। इस नई संस्था का उद्देश्य राज्य के सभी चिड़ियाघरों को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करना और वन्यजीव संरक्षण को और अधिक प्रभावी बनाना है।

# कांग्रेस उम्मीदवारों के आवेदन की समय सीमा बढ़ाई गई

बीएमसी चुनाव

देवेंद्रनाथ जैस्वार । मुंबई

बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) चुनाव 2026 के लिए उम्मीदवारों के आवेदन पत्र अब 14 नवंबर 2025 तक लिए जा सकेंगे। मुंबई कांग्रेस कार्यालय, राजीव गांधी भवन में जारी इस प्रक्रिया की समय सीमा बढ़ाने की जानकारी कांग्रेस के प्रवक्ता और मीडिया समन्वयक सुरेशचंद्र राजहंस ने दी। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र बुधवार 12 नवंबर से शुक्रवार 14 नवंबर तक सुबह 12 से शाम 5 बजे के बीच पार्टी कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।



### कांग्रेस में दिखा उत्साह

बीएमसी चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी से चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ताओं और नेताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग आवेदन कर रहे हैं, जिससे संगठन की चुनावी सक्रियता साफ झलक रही है।

### अब तक मिले 1200 से अधिक आवेदन

सुरेशचंद्र राजहंस ने बताया कि अब तक 1200 से अधिक आवेदन पत्र उम्मीदवारों द्वारा खरीदे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस के बढ़ते जनसंपर्क और संगठनात्मक मजबूती का संकेत है। पार्टी का लक्ष्य है कि आगामी बीएमसी चुनाव में अधिकतम सीटों पर दमदार प्रदर्शन कर मुंबई की जनता का विश्वास दोबारा हासिल किया जाए।


**पश्चिम रेलवे द्वारा बांद्रा टर्मिनस और पालीताणा/भावनगर टर्मिनस के बीच दो जोड़ी विशेष गाड़ियाँ चलाई जाएंगी**

| ट्रेन नंबर | शुरुआती स्टेशन और डेस्टिनेशन | सेवा की तारीख | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09229 | बांद्रा टर्मिनस – पालीताणा | 20.11.2025 | 14:30 बजे (गुरुवार) | 06:00 बजे अगले दिन |
| 09230 | भावनगर टर्मिनस – बांद्रा टर्मिनस | 19.11.2025 | 21:20 बजे (बुधवार) | 11:20 बजे अगले दिन |

**ठहराव:** बोरिवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद, बोटाद, धोला, सोंगध और सिहोर (गुजरात) स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहराव रहेगा।
**(गाड़ी क्रमांक 09230 भावनगर पारा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव करेगी।)**
**रचना (Composition):** एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच।

| ट्रेन नंबर | शुरुआती स्टेशन और डेस्टिनेशन | सेवा की तारीख | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09231 | बांद्रा टर्मिनस – भावनगर टर्मिनस | 22.11.2025 | 12:45 बजे (शनिवार) | 04:45 बजे अगले दिन |
| 09232 | पालीताणा – बांद्रा टर्मिनस | 21.11.2025 | 20:00 बजे (शुक्रवार) | 10:00 बजे अगले दिन |

**ठहराव:** बोरिवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद, बोटाद, धोला, सोंगध और सिहोर (गुजरात) स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहराव रहेगा।
**(गाड़ी क्रमांक 09231 भावनगर पारा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव करेगी।)**
**रचना (Composition):** एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच।

ट्रेनों के समय, ठहराव और कोच संरचना संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं।

गाड़ी क्रमांक 09229, 09230, 09231 एवं 09232 की बुकिंग 13.11.2025 से सभी पीआरएस काउंटरों एवं आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त गाड़ियाँ विशेष किराये पर विशेष गाड़ियों के रूप में चलाई जाएंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : Instagram/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएँ


# शरद पवार गुट को कांग्रेस ने दिया झटका

## हर्षवर्धन सपकाल की उपस्थिति में जगदाले ने कांग्रेस में किया प्रवेश



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार गुट) के वरिष्ठ नेता अशोक जगदाले ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया है। मंगलवार, 11 नवंबर को मुंबई के तिलक भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल और पूर्व मंत्री व विधायक अमित देशमुख की उपस्थिति में उन्होंने औपचारिक रूप से कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

### जगदाले का क्षेत्र में मजबूत जनाधार

जगदाले के इस कदम से नलदुर्ग क्षेत्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार गुट) को बड़ा झटका लगा है, जबकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया उत्साह देखने को मिला। स्थानीय राजनीति में इसे कांग्रेस के लिए बड़ा लाभ माना जा रहा है, क्योंकि जगदाले का क्षेत्र में मजबूत जनाधार है।

### नगरपालिका चुनाव में संभावित उम्मीदवार

राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, आगामी नगरपालिका चुनाव में अशोक जगदाले को कांग्रेस की ओर से नगराध्यक्ष पद के संभावित उम्मीदवार के रूप में देखा जा रहा है। उनके अनुभव और लोकप्रियता को देखते हुए पार्टी उन्हें प्रमुख भूमिका में उतार सकती है। यह उल्लेखनीय है कि 2019 के विधानसभा चुनाव में अशोक जगदाले ने वंचित बहुजन आघाड़ी के प्रत्याशी के रूप में लगभग 35 हजार वोट प्राप्त किए थे और सत्ताधारी दल के उम्मीदवार को कड़ी टक्कर दी थी। उनके कांग्रेस में शामिल होने से तुलजापुर तहसील में कांग्रेस की स्थिति और अधिक मजबूत मानी जा रही है।


**पश्चिम रेलवे**
**विभिन्न कार्य**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कोचिंग), मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 **निविदा सूचना क्र. WR-MMCT 0ECOA (ECTD)/3/2025 0/0 SRDEE/CHG/MMCT/WR (कंप्यूटर क्र. 589310), दिनांक 07.11.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नामः** मुंबई मंडल के पावर कार में स्थित M/s Cummins CPCB-I एवं CPCB-II डी.जी. सेट पर फ्यूल प्राइमिंग पंप को वाटर सेपरेटर सहित आपूर्ति, फिटमेंट, संशोधन, परीक्षण तथा चालू करने का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः** 47,08,200/- **निविदा सुरक्षा राशिः** 94,200/-**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समयः** 02.12.2025, दोपहर 15:00 बजे तक निविदा खोलने की तिथि व समयः 02.12.2025, दोपहर 15:30 बजे विस्तृत जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर विजिट करें। 0769

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



**LABINDIA® ANALYTICAL**
**WHERE COMMITMENT IS CULTURE**

**Labindia Analytical Instruments Pvt. Ltd.** Is looking for experienced and qualified personnel in filling up following positions for their All-India operations in 12 offices all over India.

**Available positions:**

| Sr. No. | Positions | No. of positions |
|---|---|---|
| 1. | All India Sales Manager | 1 |
| 2. | All India Deputy Sales Manager | 1 |
| 3. | Regional Managers | 6 |
| 4. | Sales Managers | 4 |
| 5, | Cost Accountants | 2 |
| 6. | Recovery Personnel | 6 |
| 7. | Sales & Marketing personnel to promote our newly launched electric bicycle Vidu | 8 |

Interested candidates should Whatsapp their name, qualifications and the position they wish to apply for on +91-9619107048.
We will then share the required Job Description, and candidates can forward their complete CV. The CVs will be analyzed to organise interviews at one of our nearest offices in respective region. Salary will be finalised on candidates educational qualification, previous experience, interview skills and our analysis of product knowledge.
To know more about our organisation, please visit https://labindia-analytical.com/



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

क्र.उप.प्र.अभि./यां.व.वि./2435/पू. उप.,दि. 11.11.2025

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| ई-निविदा क्र. | 2025 MCGM 1243774_1 |
| विषय | टैगोरनगर स्मशानभूमि में बंद पड़ी विद्युत दाहिनी की दुरुस्ती कर तीन माह का निःशुल्क रखरखाव एवं एक वर्ष का परिरक्षण कार्य करने के संबंध में। |
| निविदा विक्री | निविदा प्रारंभ दिनांकः 12.11.2025, समयः प्रातः 11.00 बजे<br>निविदा समाप्ति दिनांकः 18.11.2025, समयः प्रातः 11.00 बजे |
| संकेतस्थल | www.mahatenders.gov.in |
| (अ) संपर्क अधिकारी का नाम | श्रीमती स्मिता अ. तोडणकर |
| (ब) मोबाइल क्र | 8291715782 |
| (क) ई-मेल पता | aees03.me@mcgm.gov.in |

हस्ता/-
**(श्रीमती रूपाली संकेत कदम)**
कार्यकारी अभियंता (यांत्रिक व विद्युत)
पूर्व उप विभाग 1

पीआरओ/2171/विज्ञा./2025-26

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।


# पत्रकारिता में एआई की भूमिका और जिम्मेदारी पर जोर

## तकनीकी बदलावों के साथ नई मानसिकता की जरूरत



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के बढ़ते प्रभाव के बीच पत्रकारिता को तकनीक के साथ तालमेल बिठाने और नैतिक मूल्यों को बनाए रखने की जरूरत है। कौशल, रोजगार, उद्यमिता एवं नवाचार विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव मनीषा वर्मा ने कहा कि पत्रकारों को केवल तकनीकी कौशल ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार समाचार निर्माण की नई मानसिकता विकसित करनी चाहिए। वे रतन टाटा महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय, मंत्रालय और विधानमंडल वार्ताहर संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम' के उद्घाटन समारोह में बोल रही थीं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारों को एआई युग के लिए तैयार करना है।

### एआई आधारित सामग्री की पुष्टि आवश्यक: बृजेश सिंह

सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशालय के प्रधान सचिव तथा महानिदेशक बृजेश सिंह ने कहा कि पत्रकारों को एआई द्वारा तैयार की गई सामग्री का उपयोग करने से पहले अनिवार्य रूप से सत्यापन करना चाहिए। उन्होंने चेताया कि एआई सत्य का स्रोत नहीं है; यह केवल सूचना का स्वरूप बदल सकता है।

### तकनीक के साथ नैतिक पत्रकारिता पर जोर

मनीषा वर्मा ने कहा कि एआई प्रशिक्षण को प्रतिभागियों के अनुभव और तकनीकी विशेषज्ञता के अनुरूप तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने एआई उपकरणों के परिचय के बजाय उनके व्यावहारिक उपयोग पर बल दिया। वर्मा ने कहा कि "दुनिया भर के मीडिया संस्थान एआई को अपना रहे हैं, और महाराष्ट्र के पत्रकारों को भी इस नए युग को आत्मसात करना होगा।" उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारा लक्ष्य केवल तकनीकी उन्नति नहीं।


**पश्चिम रेलवे**
**विभिन्न कार्य**

उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता (निर्माण), द्वितीय तल, ऐनेक्स बिल्डिंग, डी.आर.एम. कार्यालय, प्रतापनगर, पश्चिम रेलवे, वडोदरा–390004, **निविदा सूचना क्र.: S&T/C/BRC/145/2025-26, दिनांकः 07.11.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम एवं स्थानः** दूरसंचार उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं चालू करने का कार्य – जिसमें ट्रेंचिंग, प्रत्येक दिशा में 48x2 OFC केबल बिछाना, क्वाड केबल बिछाना, ब्लोइंग, स्प्लाइसिंग, जॉइंटिंग, टर्मिनेशन, OFC एवं क्वाड केबल का परीक्षण तथा नियंत्रण संचार, आपातकालीन संचार एवं लेवल क्रॉसिंग गेट संचार, IBS, UFSBI एक्सल काउंटर, E1 एवं OFC कनेक्टिविटी और स्टेशनों के बीच पीए सिस्टम हेतु जीपीएस क्लॉक के IPIS की इनडोर स्थापना का कार्य सम्मिलित है। यह कार्य पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल के समलाया–टिंबा गेज रूपांतरण कार्य से संबंधित है (कुल दूरी – 54 किमी)। **कार्य की अनुमानित लागतः** 8,74,96,956.74 **अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD):** 5,87,500/- **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 01.12.2025, दोपहर 15:00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 01.12.2025, दोपहर 15:30 बजे विस्तृत जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 0768

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**
**(महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई )**
टेलीफोन नंबर 022-66405432, ई-मेल-eewest.msib@mhada.gov.in
म्हाडा MHADA
संदर्भ क्र.: EE/West/MSIB/e-Tender/202/2025-26

**ई-निविदा सूचना क्र. 202**

कार्यकारी अभियंता (पश्चिम विभाग), मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल (एमएचएडीए की इकाई), कक्ष क्र. 537, चौथा मजला, गृहनिर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051, दूरध्वनी क्र. (022) 66405432, निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। यह निविदा बी-1 (प्रतिशत दर) स्वरूप में मजदूर सहकारी सोसायटियों से आमंत्रित की जाती है, जो डी.डी.आर.-III, पश्चिम उपनगर, मुंबई में पंजीकृत हैं। निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र शासन की वेबसाइट https://mahatenders.gov.in से ऑनलाइन डाउनलोड किए जा सकते हैं तथा बोली दस्तावेज उसी वेबसाइट पर अपलोड किए जा सकते हैं। निविदा कार्यक्रम निम्नानुसार है –

| क्र. | चरण विवरण | समय अवधि की तिथि | क्र. | चरण विवरण | समय अवधि की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1) | दस्तावेजों की बिक्री प्रारंभ | 14/11/2025, प्रातः 10.30 बजे | 2) | दस्तावेजों की बिक्री समाप्ति | 21/11/2025, अपराह्न 3.00 बजे |
| 3) | तकनीकी बोली खोलना | 24/11/2025, अपराह्न 3.05 बजे से आगे | 4) | मूल्य बोली खुलने की तिथि | 25/11/2025, प्रातः 10.30 बजे से आगे |

सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएँगे।
**नोटः** 1 कृपया वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना देखें।
**नोटः** 2 यदि कोई शुद्धिपत्र/संशोधन हो, तो उसे केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जा सकता है।

Follow us:@mhadaofficial
सीपीआरओ/ए/932

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता (प.),
एम.एस.आई.बी. बोर्ड, मुंबई

म्हाडा-राष्ट्र में अग्रणी आवास प्राधिकरण



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर महानगर पालिका सामान्य अस्पताल, कांदिवली (प.)**
क्र. HO/BDBAH/8532/SR दिनांकः 07/11/2025

**ई-टेंडर सूचना**

उप वैद्यकीय अधीक्षक, भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर महानगर पालिका सामान्य अस्पताल, कांदिवली (पश्चिम), मुंबई – 400 067, निम्नलिखित कार्य के लिए तीन-स्तरीय बोली प्रणाली अंतर्गत ई-टेंडर आमंत्रित करते हैं।
ई-टेंडर सूचना से संबंधित विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध हैं: https://mahatenders.gov.in
ई-टेंडर का विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. | कार्य का विवरण | ई-टेंडर क्रमांक | टेंडर शुल्क | ई.एम.डी. (रु.) | ऑनलाइन बोली डाउनलोड करने की प्रारंभ तिथि व समय | ऑनलाइन बोली जमा करने की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अस्पताल, कांदिवली (प.) में। सामान्य मार्ग और सीढ़ियों के स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी दृष्टिकोण से आवश्यक छोटे संशोधन, पुनर्व्यवस्था एवं सजावट कार्य । | 2025_MCGM_1241949_1 | 1452/- + 18% जी.एस.टी. | 10,000/- | 12/11/2025 दोपहर 15.00 बजे तक | 19/11/2025 दोपहर 15.00 बजे तक |

**नोटः** अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD) का ऑनलाइन भुगतान निर्धारित तिथि और समय से पूर्व करना अनिवार्य है।
यदि कोई संशोधन (Corrigendum) जारी किया जाता है तो वह केवल बी.एम.सी. और महाटेंडर वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।
महानगरपालिका आयुक्त को किसी भी चरण में किसी भी या सभी ई-टेंडर को बिना कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

हस्ता/-
**उप वैद्यकीय अधीक्षक**
भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर महानगर पालिका सामान्य अस्पताल, कांदिवली (प.)

पीआरओ/2178/विज्ञा./2025-26

नवी मुंबई महानगरपालिका चुनाव

# आरक्षण निर्धारण और लॉटरी प्रक्रिया संपन्न

### 111 सीटों के लिए प्रभागवार आरक्षण घोषित

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई महानगरपालिका की आगामी सार्वत्रिक चुनाव 2025 के लिए आरक्षण निर्धारण और लॉटरी की प्रक्रिया आज वाशी स्थित विष्णुदास भावे नाट्यगृह में संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन महानगरपालिका आयुक्त तथा प्रशासक डॉ. कैलास शिंदे की देखरेख में किया गया। इस दौरान अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार, उपायुक्त भागवत डोईफोडे, शहर अभियंता शिरीष आरदवाड, सहायक संचालक नगररचना सोमनाथ केकाण, मुख्य लेखा परीक्षक राजेंद्र गाडेकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। राज्य निर्वाचन आयोग ने नवी मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र के लिए चार सदस्यीय प्रभाग प्रणाली निर्धारित की है। इसके तहत कुल 111 सदस्यता वाली 28 प्रभाग रचना तय की गई है, जिसमें 27 प्रभाग चार सदस्यीय और 1 प्रभाग तीन सदस्यीय रहेगा।



### अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी आरक्षण की घोषणा

राज्य निर्वाचन आयोग ने जनसंख्या के अनुपात के आधार पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के लिए आरक्षण तय किया। इस अंतर्गत अनुसूचित जाति के लिए 10 प्रभाग आरक्षित किए गए हैं, जिनमें से 5 प्रभाग अनुसूचित जाति महिलाओं के लिए रखे गए हैं — अनुसूचित जाति प्रभाग 3(अ), 6(अ), 7(अ), 8(अ), 22(अ) तथा अनुसूचित जाति (महिला) प्रभाग 1(अ), 2(अ), 4(अ), 20(अ), 28(अ) हैं। अनुसूचित जनजाति के लिए 2 प्रभाग निर्धारित किए गए, जिनमें से एक महिला प्रभाग है — अनुसूचित जनजाति प्रभाग 8(ब) और अनुसूचित जनजाति (महिला) प्रभाग 6(ब)। वहीं नागरिक मागासवर्ग (ओबीसी) के लिए कुल 29 सीटें (27%) आरक्षित की गईं, जिनमें 15 सीटें ओबीसी महिलाओं के लिए हैं। पूरी आरक्षण प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई, जिसमें स्कूली बच्चों की उपस्थिति में चिट्ठियों के माध्यम से लॉटरी निकाली गई।

### आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित

राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार आरक्षण का प्रारूप 17 नवंबर 2025 को प्रकाशित किया जाएगा। इस पर आपत्तियां या सुझाव 24 नवंबर 2025 दोपहर 3 बजे तक दर्ज कराए जा सकते हैं। नागरिक अपनी आपत्तियां नवी मुंबई महानगरपालिका मुख्यालय के चुनाव विभाग या संबंधित प्रभाग कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेंगे।

## भाजपा को रोकने के लिए मविआ-बविआ को एकजुट होना होगा: विजय पाटील

**ओमप्रकाश यादव । वसई:**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय पाटील ने कहा कि वसई-विरार और पालघर जिले से भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए मविआ (महाविकास आघाड़ी) और बविआ (बहुजन विकास आघाड़ी) को एकजुट होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा जैसी जातीयवादी सोच वाली पार्टी संविधान और सर्वधर्म समभाव के लिए खतरा बन चुकी है। इसलिए समय की नब्ज़ पहचानते हुए स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के आगामी चुनावों में दोनों गठबंधनों को साथ आना ही होगा। यह बात उन्होंने चिंचोटी, वसई (पूर्व) स्थित गिरनार धाम में आयोजित संयुक्त बैठक में कही।



### विकास के लिए एकजुटता की जरूरत

पाटील ने कहा कि मविआ और बविआ को अपने मतभेद भुलाकर समान विचारधारा के कार्यक्रम के साथ चुनाव मैदान में उतरना चाहिए। उन्होंने बविआ प्रमुख और पूर्व विधायक हितेंद्र ठाकुर के विकासोन्मुखी राजनीति की सराहना करते हुए कहा कि समाज को ऐसे ही नेतृत्व की आवश्यकता है। इस मौके पर बविआ नेता व पूर्व सांसद बळीराम जाधव ने कहा कि विकसित भारत के लिए राहुल गांधी को प्रधानमंत्री और विकसित महाराष्ट्र के लिए उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि यही सबका लक्ष्य होना चाहिए और इस दिशा में समान विचारधारा वाले लोगों को गल्ली से लेकर दिल्ली तक एकजुट होना जरूरी है।

### धर्मनिरपेक्ष विचारधारा की रक्षा का संकल्प

पूर्व विधायक राजेश पाटील ने कहा कि मविआ और बविआ दोनों गठबंधनों की विचारधारा धर्मनिरपेक्ष और एक-दूसरे की पूरक है, इसलिए उनका एक साथ आना स्वाभाविक है। शिवसेना के उपजिल्हा प्रमुख जनार्दन म्हात्रे ने कहा कि अगर दोनों गठबंधन साथ लड़े तो जीत से कोई नहीं रोक सकता। कांग्रेस के पालघर जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल पाटील ने भी भरोसा जताया कि नगरपरिषदों और नगर पंचायतों में मविआ-बविआ की संयुक्त लड़ाई से विजय निश्चित है। बैठक में वसई तालुका ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राम पाटील की भूमिका को भी अहम माना गया, जिन्होंने दोनों गठबंधनों को जोड़ने में सेतु का काम किया। इस बैठक में बड़ी संख्या में दोनों गठबंधनों के पदाधिकारी, पूर्व जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज़

### 53वीं वार्डस्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी की बैठक संपन्न



**ठाणे।** एफ/एस वार्ड के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के प्राचार्य एवं विज्ञान शिक्षकों की बैठक आज सेंट मेरी हाई स्कूल (एसएससी), मझगांव, मुंबई में आयोजित की गई। यह बैठक 53वीं तालुका स्तरीय (वार्डस्तरीय) बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025–26 के सफल आयोजन की तैयारी के उद्देश्य से हुई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षण निरीक्षक, दक्षिण विभाग, परेल, मुंबई ने की। इस अवसर पर वार्ड के सभी विद्यालयों के प्राचार्य एवं विज्ञान शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक में प्रदर्शनी की रूपरेखा, विषय चयन, विद्यार्थियों की सहभागिता, मूल्यांकन प्रक्रिया एवं समयबद्ध तैयारी पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। शिक्षण निरीक्षक ने विद्यालयों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक विद्यार्थी इसमें भाग लेकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सृजनात्मक सोच को बढ़ावा दें। निर्णय लिया गया कि 53वीं वार्डस्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन 27 एवं 28 नवम्बर 2025 को सेंट मेरी हाई स्कूल (एसएससी), मझगांव में किया जाएगा। बैठक का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

### एसीपी विजय चौधरी का 'हिंद केसरी' कुश्ती स्पर्धा के लिए चयन



**नवी मुंबई।** भारतीय शैली कुश्ती महासंघ और महाराष्ट्र राज्य भारतीय कुश्ती संघ की मान्यता से पुणे के वडकी स्थित राष्ट्रीय कुश्ती संकुल में आयोजित हिंद केसरी चयन कुश्ती स्पर्धा में नवी मुंबई पुलिस के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी), तीन बार महाराष्ट्र केसरी विजेता और विश्व पुलिस स्वर्णपदक विजेता पहलवान विजय चौधरी ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 'हिंद केसरी' स्पर्धा के लिए पात्रता हासिल की है। आगामी 15 से 20 जनवरी 2026 को सातारा जिले में होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए चौधरी का आधिकारिक चयन घोषित किया गया। चयन मुकाबलों में उन्होंने लगातार चार मुकाबले जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया—पहली कुश्ती बाय रही, दूसरी में पै. अक्षय शेळके (लातूर) को 12–0 अंकों से हराया, तीसरी में पै. मोहम्मद पटेल (सातारा) ने मुकाबले से इंकार किया, और चौथी में पै. सुनील लोटगोड (सांगली) को कलात्मक अंदाज में पराजित किया।

### 'पोषण भी शिक्षा है' प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पंचाल का मार्गदर्शन



**ठाणे।** जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पंचाल ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जीजामाता कामकाजी महिला छात्रावास, कोपरी ठाणे में आयोजित महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम "पोषण भी शिक्षा है" का निरीक्षण किया और आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने गर्भावस्था से लेकर छह वर्ष की आयु तक बच्चों के समग्र विकास में आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका और ज़िम्मेदारी पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि आँगनवाड़ी कार्यकर्ता हर बच्चे के जीवन की पहली मार्गदर्शक होती हैं, इसलिए उनके माध्यम से पोषण, स्वच्छता, टीकाकरण और शाला-पूर्व शिक्षा का संदेश हर परिवार तक पहुँचना चाहिए।

## दिल्ली घटना के बाद भुसावल मंडल में सुरक्षा हुई और कड़ी

### सभी स्टेशनों और परिसंचालन क्षेत्रों में सख्त निगरानी व चौकसी बढ़ाई गई

**डीबीडी संवाददाता । भुसावल**

देशभर में जारी उच्च सुरक्षा अलर्ट के बीच मध्य रेल के भुसावल मंडल ने यात्रियों, कर्मचारियों और रेलवे परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए व्यापक कदम उठाए हैं। मंडल को पूरी तरह सतर्क रखा गया है और सभी स्टेशनों पर सुरक्षा उपायों को और अधिक सख्त किया गया है। भुसावल मंडल ने स्थानीय पुलिस और गुप्तचर एजेंसियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखते हुए वास्तविक समय में सूचनाओं का आदान-प्रदान और त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की है। सभी रेलकर्मियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं।



### निगरानी, मॉनिटरिंग और तैनाती

सीसीटीवी नियंत्रण कक्षों में 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि का पता लगाया जा सके। आरपीएफ, जीआरपी और वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की पहचान कर तुरंत सूचना दें। डॉग स्क्वॉड को प्रमुख स्टेशनों पर तैनात किया गया है, जबकि प्लेटफॉर्म, यार्ड और परिसंचरण क्षेत्रों में आरपीएफ, जीआरपी और विशेष एंटी-सबोटाज टीमों की तैनाती बढ़ाई गई है। बम निरोधक दस्ते को 24×7 तैयार रखा गया है ताकि आकस्मिक जांच तत्काल की जा सके।

### यात्रियों की जागरूकता और अधिकारियों की निगरानी

संवेदनशील क्षेत्रों में प्रवेश नियंत्रण को और कड़ा किया गया है। यात्रियों को जागरूक करने के लिए घोषणाओं और विशेष अभियानों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत दे सकें। वरिष्ठ अधिकारी प्रमुख स्टेशनों पर जाकर सुरक्षा व्यवस्थाओं की व्यक्तिगत समीक्षा कर रहे हैं। आपातकालीन दलों को हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रखा गया है और सुरक्षा नियंत्रण कक्ष लगातार फील्ड यूनिट्स से संपर्क में हैं। भुसावल मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे सुरक्षा जांच में सहयोग करें और किसी भी लावारिस वस्तु या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें। रेलवे प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि यात्रियों की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं।

## शिवसेना अपने दम पर चुनाव लड़ने में सक्षम: श्रीकांत शिंदे

**अंबरनाथ!** आगामी नगर निगम चुनावों की पृष्ठभूमि में कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने भाजपा को सख्त संदेश देते हुए कहा कि शिवसेना अपने दम पर चुनाव लड़ने की पूरी क्षमता रखती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे महायुति के कार्यकर्ता हैं और उसी के तहत काम करना चाहते हैं, लेकिन यदि किसी ने चुनौती दी, तो शिवसेना अकेले मैदान में उतरने को भी तैयार है। डॉ. शिंदे सोमवार को अंबरनाथ (पश्चिम) के भास्करनगर स्थित पूर्व उपमहापौर राजेंद्र वालेकर के संपर्क कार्यालय के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।

### जनसंपर्क कार्यालयों का उद्घाटन



सांसद श्रीकांत शिंदे ने अंबरनाथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शिवसेना के जनसंपर्क कार्यालयों का उद्घाटन किया। अंबरनाथ (पूर्व) के कंसाई क्षेत्र में कुणाल भोईर के जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी नगर निगम चुनावों में "विजय हमारी ही होगी"—इस विश्वास के साथ कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर कंसाई ग्रामवासियों ने सांसद शिंदे का भव्य सार्वजनिक अभिनंदन किया।

## रेखा ठाकुर ने फिर की भाजपा में घर वापसी




**उल्हासनगर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण, विधायक कुमार आयलानी और जिलाध्यक्ष राजेश वधर्या की उपस्थिति में पूर्व नगरसेविका रेखा ठाकुर ने दोबारा भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया। रेखा ठाकुर ने कहा कि उन्होंने भाजपा में महिलाओं के सम्मान और पार्टी के सशक्त नेतृत्व को देखते हुए पुनः शामिल होने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर विधायक कुमार आयलानी और जिलाध्यक्ष राजेश वधर्या ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

## भिवंडी में विश्वविद्यालय की मांग तेज

### पहला विश्वविद्यालय भिवंडी में स्थापित करने की मांग

### मुख्यमंत्री व UGC को भेजा गया पत्र




**भिवंडी।** ठाणे ज़िले में उच्च शिक्षा की सुविधा न होने से हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संकट में है। इसी पृष्ठभूमि में "भिवंडीकर न्याय मंच" ने भिवंडी में विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर मुहिम शुरू की है। मंच के संयोजक शादाब उस्मानी ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) को पत्र भेजकर ठाणे ज़िले का पहला विश्वविद्यालय भिवंडी में स्थापित करने की अपील की है। सनोबर हॉल, बागे फ़िरदौस में आयोजित पत्रकार परिषद में शादाब उस्मानी ने बताया कि भिवंडी और आसपास के ग्रामीण इलाकों में अब तक कोई बहु-संकाय सरकारी महाविद्यालय उपलब्ध नहीं है। परिवहन सुविधाओं की कमी के कारण विद्यार्थियों के लिए मुंबई, ठाणे या पुणे जैसे शहरों में पढ़ाई करना कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा कि ठाणे महाराष्ट्र का एकमात्र ज़िला है, जहां अब तक कोई विश्वविद्यालय नहीं है, जबकि मुंबई, रायगढ़, पुणे और औरंगाबाद जैसे सभी पड़ोसी ज़िलों में विश्वविद्यालय मौजूद हैं। इस वजह से ठाणे के छात्र केवल पारंपरिक पाठ्यक्रमों तक सीमित रह जाते हैं।




## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिश्रम का अनुकूल फल मिलेगा। परिजनों के स्वास्थ्य और सुविधाओं की ओर ध्यान दें।

**वृष** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्ति के योग हैं। सावधानी व सतर्कता से व्यापारिक अनुबंध करें। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**मिथुन** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न उठाएं। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने की संभावना है। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसर मिलेंगे। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**कर्क** मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है। प्रतिष्ठितजनों से मेल-जोल बढ़ेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ संभव है। जोखिम न लें। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति जीवन में आनंद का संचार करेगी। कई दिनों से रुका पैसा मिल सकेगा।

**कन्या** चोट व रोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। योजनाएं बनेंगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान प्राप्त होगा। भाइयों से अनबन हो सकती है।

**तुला** कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी परो नियंत्रण रखें, जोखिम न लें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। व्यापारिक लाभ होगा। संतान के प्रति झुकाव बढ़ेगा। शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। जायदाद संबंधी समस्या सुलझने के आसार बनेंगे। अनुकूल समाचार मिलेंगे तथा दिन आनंदपूर्वक व्यतीत होगा। नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे।

**धनु** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ होगा। धन संचय की बात बनेगी। परिवार के कार्यों पर ध्यान देना जरूरी है। रुका कार्य होने से प्रसन्नाता होगी। आर्थिक सलाह उपयोगी रहेगी। कर्ज की चिंता कम होगी।

**मकर** अति व्यस्तता रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। थकान रहेगी। व्यापार-व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। अल्प परिश्रम से ही लाभ होने की संभावना है। खर्चों में कमी करने का प्रयास करें।

**कुंभ** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे। दुस्साहस न करें। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी। स्वयं की प्रतिष्ठा व सम्मान के अनुरूप कार्य हो सकेंगे।

**मीन** प्रसन्नता रहेगी। संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। महत्व के कार्य को समय पर करें। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा। मेहनत का फल कम मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

## कुंडली अनुसार कौन-सा दुकान व्यवसाय करें?

दुकानी व्यवसाय करना है तो आज इसी बारे में बात करते है दुकान खोलनी है तो किस व्यवसाय काम की दुकान चलेंगी और कितनी सफ़लता दुकान व्यवसाय में मिल पाएगी और कितने बड़े स्तर पर दुकान खुलकर चल सकती है आदि। दुकानदारी मतलब डेली इनकम जिसका सम्बन्ध कुंडली के 7वे भाव से है 7वा भाव दुकानदारी व्यवसाय का है तो बुध दुकानदारी व्यवसाय ग्रह है तो ग्यारहवा भाव दुकान से होने वाले लाभ का है तो दूसरा भाव दुकान से होने वाले धन वृद्धि का है धन का है।अब जब जन्मकुंडली में या नवमांश कुंडली मे या फिर दशमांश कुंडली मेतीनो कुंडलियो में या इन तीनो कुंडलियो में से किसी एक कुंडली मे भी7वे भाव या 7वे भाव स्वामी बलवान होकर 11वे भाव स्वामी या 7वे भाव से या दूसरे भाव या दूसरे भाव स्वामी से अच्छी स्थिति में सम्बन्ध बनाकर बैठा है और दुकान व्यवसाय ग्रह बुध बलवान है तब दुकान व्यवसाय अच्छा चलेगा।अब किस तरह के काम की दुकान करे यह महत्वपूर्ण है तो 7वे भाव का सम्बन्ध या 7वे भाव स्वामी का सम्बन्ध जिस भी ग्रहो औऱ भाव स्वामियों से होगा उन्ही ग्रहो और भावो के अधिकार में को दुकानदारी व्यवसाय आ रहा है उन्हें करने पर दुकान व्यवसाय अच्छा चलेगा। अब कुछ उदाहरणों से समझते है अगर दुकानदारी व्यवसाय करना ही लिखा है तो किस काम या वस्तु की दुकान करे जिससे अच्छी व्यवसायिक सफलता मिले।





प्रियंका जैन
9769994439

**उदाहरण_वृष_लग्न_अनुसार1:-**

वृष लग्न में 7वे भाव स्वामी मंगल बलवान होकर यहाँ दूसरे या ग्यारहवे भाव स्वामी बुध या गुरु से सम्बन्ध बनाकर बैठे है या 11वे भाव से सम्बन्ध किये है और बुध बलवान है तब दुकानदारी व्यवसाय चलेगा लेकिन अब 7वे भाव स्वामी मंगल यहाँ बलवान लग्नेश शुक्र के साथ सम्बन्ध में है तब कपड़े, जैवेलरी दुकान करने में सफलता मिलेंगी।

**उदाहरण_कुम्भ_लग्न_अनुसार2:-**

कुम्भ लग्न में 7वे भाव स्वामी सूर्य बलवान होकर यहाँ बलवान बुध या गुरु सहित दूसरे या ग्यारहवे भाव से सम्बन्ध कर रहे है तब दुकानी व्यवसाय चलेगा, अब व्यवसाय 7वे भाव स्वामी सूर्य यहाँ दूसरे भाव से सम्बन्ध किया है तब खान-पीने की दुकान, रेस्टोरेंट ,होटल व्यवसाय आदि ही चलेगा।

**उदाहरण_तुला_लग्न_अनुसार3:-**

तुला लग्न में यहाँ 7वे भाव स्वामी मंगल है अब मंगल बलवान होकर यहाँ 11वे भाव या 11वे भाव स्वामी बलवान सूर्य से सम्बन्ध करे+दूसरा भाव(धन भाव)+ग्यारहवा भाव(लाभ भाव)बलवान है तब दुकानदारी व्यवसाय चलेगा, 7वे भाव या 7वे भाव स्वामी मंगल यहाँ 5वे भाव से सम्बन्ध किये है तब स्टेशनरी की शॉप, टीवी या मनोरंजन बिक्री की चीजो की दुकान करने पर दुकान व्यवसाय लाभ देगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### वाराणसी से रवाना हुआ राष्ट्रीय तीरंदाजी का शुभंकर रथ

वाराणसी। खेल नगरी वाराणसी से मंगलवार को 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय तीरंदाजी प्रतियोगिता (अंडर-14) का शुभंकर रथ पूरे उल्लास और जोश के साथ रवाना किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल, बड़ा लालपुर में हुआ, जहां से अपराह्न दो बजे रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। संयुक्त शिक्षा निदेशक वाराणसी मंडल, दिनेश सिंह ने शुभंकर रथ को हरी झंडी दिखाते हुए खिलाड़ियों को सफलता की शुभकामनाएं दीं। रथ संकुल से रवाना होकर विकास इंटर कॉलेज और विकास भवन कचहरी मार्ग से होते हुए शहर के प्रमुख स्थानों से गुजरा। इस अवसर पर अनेक शिक्षक, छात्र-छात्राएं और स्थानीय खेल प्रेमी मौजूद रहे। रथ के साथ चल रहे विद्यार्थियों ने नारे लगाकर खेल भावना और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ए.के. सिंह ने किया और उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से न केवल खिलाड़ियों की प्रतिभा को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि वाराणसी खेल के क्षेत्र में एक नई पहचान भी बनाएगा।

### दिल्ली धमाके के बाद हाई अलर्ट पर उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार शाम हुए विस्फोट के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। राज्य पुलिस, एटीएस, एसटीएफ सहित सभी सुरक्षा इकाइयों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। लखनऊ, अयोध्या, मथुरा, कानपुर और वाराणसी जैसे प्रमुख शहरों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। राजधानी लखनऊ में मंगलवार सुबह पुलिस की सख्त निगरानी देखी गई। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव के नेतृत्व में एडीसीपी, एसीपी कैसरबाग और बाजारखाला सहित भारी पुलिस बल ने चारबाग क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। बस अड्डे, मेट्रो स्टेशन और आसपास के होटलों की बारीकी से जांच की गई। डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते ने भी कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। हज़रतगंज, चारबाग और अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस ने वाहनों की जांच की और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। राजधानी के अलावा अयोध्या, वाराणसी, मथुरा और कानपुर में भी पुलिस चौकसी बढ़ा दी गई है।

### अयोध्या फिर रचेगा इतिहास: मोदी मुख्य शिखर पर करेंगे ध्वजारोहण

**अयोध्या।** भव्य राममंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब अयोध्या एक और ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनने जा रही है। आगामी 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के 161 फीट ऊंचे मुख्य शिखर पर भगवा ध्वज फहराएंगे। यह पहली बार होगा जब मंदिर के सातों शिखरों पर भगवा ध्वज लहराएगा, और पूरा अयोध्या ध्वजारोहण के इस अद्भुत दृश्य का साक्षी बनेगा। इस भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां चरम पर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उनके निर्देश पर वरिष्ठ अधिकारी और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी लगातार अयोध्या में मौजूद हैं और कार्यक्रम की हर बारीकी पर नजर रखे हुए हैं। इस ऐतिहासिक क्षण को देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालु लाइव देख सकेंगे। दूरदर्शन और प्रमुख न्यूज़ चैनल, साथ ही सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इसका सीधा प्रसारण होगा।

# कुख्यात इनामिया आसिफ उर्फ टिड्डा और दीनू ढेर

एजेंसी | मुरादाबाद

पश्चिमी उत्तर प्रदेश का नामचीन अपराधी आसिफ उर्फ टिड्डा और उसका साथी दीनू सोमवार रात्रि मुरादाबाद के थाना भोजपुर क्षेत्र में एसटीएफ मेरठ और मुरादाबाद पुलिस की संयुक्त मुठभेड़ में मारे गए। मेरठ निवासी दोनों अपराधियों पर मुरादाबाद पुलिस ने क्रमशः 1 लाख और 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। मुठभेड़ में मुरादाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल की जैकेट में गोली लगी है। दो आरोपितों के पास से मुठभेड़ के बाद एक स्विफ्ट कार, कार्बाइन, तीन पिस्टल, भारी मात्रा में जिन्दा कारतूस बरामद हुए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि एसटीएफ फील्ड यूनिट मेरठ और मुरादाबाद पुलिस ने सोमवार रात्रि मुरादाबाद जनपद के थाना भोजपुर क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर एक स्विफ्ट कार को रोकने का इशारा किया। जिसके बाद आरोपितों ने कार धीमी कर पुलिस व एसटीएफ पर गोली चलानी शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस व एसटीएफ की जवाबी कार्रवाई में कार में बैठे दोनों आरोपित गोली लगने से घायल हो गए। घायल हालत में पकड़े गए दोनों अपराधियों को अस्पताल ले जाया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इन आरोपितों की शिनाख्त मेरठ के थाना ब्रहमपुरी के रसीद नगर निवासी आसिफ उर्फ टिडडा पुत्र शमशाद व मेरठ के थाना सरुरपुर क्षेत्र के ग्राम खिवाई निवासी दीनु पुत्र चन्नु उर्फ इलियास के रूप में हुईं।

### मुठभेड़ में मुरादाबाद के एसएसपी सतपाल अंतिल की जैकेट में लगी गोली

**टिड्डा पर 65 संगीन मुकदमे**

आसिफ उर्फ टिडडा पुत्र शमशाद पर हत्या, लूट, डकैती, रंगदारी, अपहरण और अवैध कब्जे जैसे 65 से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज हैं। वह मूल रूप से गाजियाबाद के कलछीना गांव का रहने वाला था और बचपन से ही आपराधिक प्रवृत्ति का रहा। आठवीं कक्षा तक पढ़ाई करने के बाद उसने गैंग बनाकर मेरठ, अलीगढ़, बुलंदशहर, मुरादाबाद, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, उत्तराखंड, दिल्ली और हरियाणा में लूट व डकैती की वारदातों को अंजाम दिया।



**आसिफ पर एक लाख का इनाम**

वर्ष 2013 में उसे ब्रह्मपुरी थाने में हिस्ट्रीशीटर घोषित किया गया था। वहीं मेरठ के थाना सरुरपुर क्षेत्र के ग्राम खिवाई निवासी दीनू पुत्र चन्नु उर्फ इलियास पर हत्या, लूट, डकैती, रंगदारी, अपहरण और अवैध कब्जे के करीब 25 मुकदमें उप्र के विभिन्न जनपदों में दर्ज हैं।

आसिफ उर्फ टिड्डा पर जनपद मुरादाबाद से 1 लाख और दीनू निवासी मेरठ जिसपर मुरादाबाद से 50 हजार रु का इनाम घोषित कर रखा था।

# जमीन के लिए पिता को पीटकर मार डाला

एजेंसी | सरगुजा (छत्तीसगढ़)

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले से रिश्तों को झकझोर देने वाली एक घटना सामने आई है। यहां एक बेटे ने जमीन को लेकर हुए विवाद में अपने 80 वर्षीय पिता की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात सीतापुर थाना क्षेत्र के गुतुरमा गांव की है। पुलिस के मुताबिक, मृतक रूपधर राम सतनामी ने हाल ही में अपनी जमीन का एक हिस्सा छोटे बेटे की पत्नी यानी छोटी बहू के नाम रजिस्ट्री कराया था। इसी बात से नाराज बड़े बेटे नेतराम सतनामी ने शनिवार शाम गांव पहुंचकर पिता से विवाद शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में उसने डंडे से पिता पर कई बार वार कर दिए। गंभीर चोट लगने से रूपधर राम की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद नेतराम बाइक से फरार होने लगा, लेकिन ग्राम सुर के पास दुर्घटना का शिकार हो गया। उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

### बहू के नाम कर दी थी संपत्ति



स्थानीय लोगों का कहना है कि रूपधर राम अपने छोटे बेटे और बहू के साथ रहते थे, जो उनकी देखभाल करते थे। इसी कारण उन्होंने संपत्ति का एक हिस्सा बहू के नाम कर दिया था। यह घटना एक बार फिर इस सवाल को सामने लाती है कि संपत्ति के विवाद कैसे पारिवारिक रिश्तों को तोड़ने की हद तक ले जा सकते हैं। गांव में इस वारदात को लेकर मातम और हैरानी का माहौल है।

# महोबा में आरी में मातम: कुएं में मिला तीन बहनों का शव

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, खेलते समय गिरने की आशंका

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले से एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। अजनर थाना क्षेत्र के आरी गांव में सोमवार देर रात तीन सगी बहनों के शव एक पुराने कुएं से बरामद हुए। मृत बच्चियों की पहचान रुचि (7), दीक्षा (5) और पुष्पा (3 वर्ष) के रूप में की गई है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को शोक और सन्नाटे में डुबो दिया है। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि तीनों बच्चियां खेलते समय कुएं में गिरकर डूब गई होंगी, जबकि परिजनों ने इस पर हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### बड़ी बहन के साथ गई थीं गाय चराने



मृतक बच्चियों के चाचा मूलचंद्र ने बताया कि उनके भाई रामलाल अहिरवार की सात संतानें हैं — जिनमें पांच बेटियां और दो बेटे शामिल हैं। सोमवार को बड़ी बहन रेखा (12) अपनी तीन छोटी बहनों के साथ गाय चराने खेत गई थी। भूख लगने पर रेखा ने छोटी बहनों को घर जाने के लिए भेजा और खुद खेत पर ही रुक गई। लेकिन जब तीनों बच्चियां घर नहीं पहुंचीं, तो परिवार ने उनकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी बच्चियों का कोई पता नहीं चल सका, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। अजनर थाना पुलिस ने रात में सर्च ऑपरेशन चलाया और तीनों बच्चियों के शव एक खेत के पास स्थित कुएं से बरामद किए। एसपी प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और हर पहलू से जांच की जा रही है।

# वार्डन समेत तीन कर्मियों को नोटिस

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में स्थित राजेपुर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से एक छात्रा के रहस्यमय तरीके से गायब होने के मामले ने प्रशासन को हिला दिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए वार्डन ममता रानी, चौकीदार दिनेश मिश्रा और रात्रि ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी विनीत कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सोमवार तड़के लगभग 4:50 बजे विद्यालय में कक्षा 6 की छात्रा सोना (12 वर्ष) पुत्री विजय शंकर (निवासी कादरी गेट) अपने बिस्तर पर नहीं मिली। वार्डन ने जब छात्राओं को जगाया, तो वह गायब पाई गई। तत्काल विद्यालय परिसर और आसपास तलाश की गई, परंतु उसका कोई सुराग नहीं मिला। कुछ घंटों बाद, सुबह करीब 8 बजे, छात्रा अपने घर सुरक्षित पहुंच गई, जिसके बाद परिजनों ने विद्यालय प्रशासन को इसकी सूचना दी। यद्यपि बच्ची के सुरक्षित लौट आने से राहत मिली, लेकिन घटना ने विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी। बीएसए अनुपम अवस्थी ने कहा कि विद्यालय के मुख्य द्वार पर सुरक्षा गार्ड की मौजूदगी के बावजूद छात्रा का बिना किसी की नजर में आए बाहर निकल जाना "लापरवाही का गंभीर मामला" है। उन्होंने तीनों जिम्मेदार कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। स्थानीय शिक्षा विभाग अब इन घटनाओं की समीक्षा कर सुरक्षा मानकों को कड़ा करने की योजना बना रहा है ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाहियां दोबारा न हों।

# आतंक फैलाने वाले सच्चे मुसलमान नही: मौलाना कल्बे जवाद

## महासचिव ने दिल्ली के बम ब्लास्ट की निंदा की

एजेंसी | लखनऊ

मजलिस-ए-उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना सैय्यद कल्बे जवाद नक़वी ने दिल्ली में हुए बम धमाके की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि निर्दोष लोगों की जान लेने वाले किसी भी व्यक्ति को इस्लाम या इंसानियत के दायरे में नहीं रखा जा सकता। उन्होंने मांग की कि इस घटना के दोषियों को सख्त से सख्त सज़ा दी जाए। मौलाना ने कहा कि कुछ इस्लाम-विरोधी ताकतें इस पवित्र धर्म को बदनाम करने की साजिश में लगी हैं और "इस्लाम के नाम पर आतंकवाद को बढ़ावा देने की कोशिशें की जा रही हैं।" उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस्लाम किसी भी निर्दोष की हत्या की अनुमति नहीं देता और जो ऐसा करते हैं, वे मुसलमान नहीं माने जा सकते।

### गहराई से हो घटना की जांच



मौलाना कल्बे जवाद ने कहा, "हम इस दुख की घड़ी में सरकार के साथ हैं और उम्मीद करते हैं कि अपराधियों को जल्द न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।" उन्होंने यह भी जोड़ा कि देश में चुनावी माहौल के दौरान शांति भंग करने की कोशिशें भारत-विरोधी तत्वों की साजिश हो सकती हैं, इसलिए इस घटना की गहराई से जांच होनी चाहिए ताकि दोषियों को कड़ी सजा दी जा सके।

### भारत की शांति बिगाड़ने की कोशिश

उन्होंने अपने बयान में कहा कि भारत की शांति व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिशें लगातार हो रही हैं, और ऐसी ताकतों का बहिष्कार करना जरूरी है। मौलाना ने यह भी कहा कि अगर इस घटना में पाकिस्तान की कोई भूमिका सामने आती है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

## व्यापार जगत

# 14 को आएगा कैपिलरी टेक्नोलॉजीज का IPO

## मूल्य दायरा 549-577 रुपये प्रति शेयर

एजेंसी | नई दिल्ली

बेंगलुरु स्थित सॉफ्टवेयर कंपनी कैपिलरी टेक्नोलॉजीज इंडिया लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 14 नवंबर को खुलेगा। निवेशक इसमें मंगलवार, 18 नवंबर तक निवेश के लिए बोली लगा सकते हैं। कंपनी ने इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 549–577 रुपए प्रति शेयर तय किया है। इसके शेयर 21 नवंबर को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होंगे। कैपिलरी टेक्नोलॉजीज इंडिया लिमिटेड के 2 रुपए अंकित मूल्य वाले इस आईपीओ में निवेश करने के लिए न्यूनतम 25 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 25 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है। कंपनी ने अपने पहले इश्यू के लिए मूल्य का दायरा 549 से 577 रुपए प्रति शेयर तय किया है। कंपनी इस इश्यू में 345 करोड़ रुपए मूल्य के नए शेयर जारी करेगी। इस इश्यू में ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) भी होगा। इसके तहत पेरेंट कंपनी कैपिलरी टेक्नोलॉजीज इंटरनेशनल और टुडी होल्डिंग्स 92.28 लाख शेयर बेचेंगे। कैपिलरी टेक्नोलॉजीज इंडिया लिमिटेड एक सॉफ्टवेयर उत्पाद कंपनी है जो अपने उपभोक्ता और चैनल भागीदारों की वफादारी विकसित करने के लिए मुख्य रूप से वैश्विक स्तर पर उद्यम ग्राहकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)-आधारित क्लाउड-नेटिव सॉफ्टवेयर-एज-ए-सर्विस (SaaS) उत्पाद और समाधान प्रदान करती है।

### 143 करोड़ इंफ्रास्ट्रक्चर पर होंगे खर्च

कंपनी की योजना इस नए निर्गम से प्राप्त आय का उपयोग क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर पर 143 करोड़ रुपए, रिसर्च और प्रोडक्ट्स एंड प्लेटफॉर्म के डेवलपमेंट पर 71.6 करोड़ रुपए और कंप्यूटर सिस्टम्स के पर्चेज पर 10.3 करोड़ रुपए खर्च करने की है। इसके अलावा बाकी पैसे का इस्तेमाल कंपनी सामान्य कारोबारी जरूरतों के लिए करेगी।




# वेडिंग सीजन ने बढ़ाई चमक: सोना–चांदी के दाम उछले

**नई दिल्ली।** शादी के सीजन की शुरुआत के साथ ही देश के सर्राफा बाजारों में सोना और चांदी दोनों के दामों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। सोमवार को कारोबार की शुरुआत में ही सोना 1,670 से 1,820 रुपए प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया, जबकि चांदी की कीमतों में 4,700 रुपए प्रति किलोग्राम तक की छलांग दर्ज की गई। दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, चेन्नई और कोलकाता समेत अधिकांश प्रमुख बाजारों में 24 कैरेट सोना अब 1,23,830 से 1,23,980 रुपए प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोने की कीमतें 1,13,510 से 1,13,660 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बनी हुई हैं। मूल्य वृद्धि में सबसे अधिक तेजी चेन्नई में दर्ज की गई, जहां सोना 2,970 से 3,240 रुपए प्रति 10 ग्राम तक उछला है। इस दौरान चांदी भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई, जो दिल्ली के सर्राफा बाजार में 1,57,100 रुपए प्रति किलोग्राम के भाव पर बिक रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि शादी-ब्याह के मौसम में बढ़ी मांग और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेजी इसके प्रमुख कारण हैं।

### दिल्ली में 1.23 लाख रुपए प्रति तोला

दिल्ली में सोमवार को 24 कैरेट सोना 1,23,980 रुपए प्रति 10 ग्राम, जबकि 22 कैरेट सोना 1,13,660 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। मुंबई और अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना क्रमश: 1,23,830 और 1,23,880 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बिक रहा है।

### दक्षिण में तेजी का रुख बरकरार

दक्षिण भारत में भी तेजी का रुख बना हुआ है। चेन्नई में 24 कैरेट सोना 1,25,250 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,14,810 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है। वहीं बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,23,830 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर की कमजोरी और सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग ने कीमती धातुओं के दामों को सहारा दिया है।

# HUDCO ने पहली छमाही में दर्ज की शानदार वृद्धि, मुनाफे और ऋण वितरण में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

एजेंसी | नई दिल्ली

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (HUDCO) ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही (H1FY26) के वित्तीय परिणाम घोषित किए, जिसमें कंपनी ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को जारी रखते हुए मुनाफे, राजस्व और ऋण वितरण में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। HUDCO के निदेशक मंडल ने इन परिणामों को 10 नवंबर 2025 को आयोजित बैठक में अनुमोदित किया।




### मुख्य वित्तीय प्रदर्शन:

HUDCO की ऋण स्वीकृतियाँ 92,985 करोड़ रहीं, जो पिछले वर्ष की समान अवधि 76,472 करोड़ की तुलना में 21.59% की वृद्धि है। कंपनी ने इस अवधि में 25,838 करोड़ का अब तक का सबसे अधिक ऋण वितरण किया, जो H1FY25 के 21,699 करोड़ से अधिक है। कर पूर्व लाभ (PBT) 1,811.94 करोड़ रहा, जिसमें 7.55% की वृद्धि हुई है, जबकि कर पश्चात लाभ (PAT) 1,340.06 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7.52% अधिक है। HUDCO का संचालन से राजस्व 4,706.07 करोड़ से बढ़कर 6,156.34 करोड़ हुआ — 30.82% की वार्षिक वृद्धि। कंपनी का ऋण पोर्टफोलियो 1.11 लाख करोड़ से बढ़कर 1.44 लाख करोड़ हो गया, जो 30.15% की वृद्धि को दर्शाता है। परिसंपत्ति गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है — सकल एनपीए (Gross NPA) 2.04% से घटकर 1.21% और शुद्ध एनपीए (Net NPA) 0.31% से घटकर मात्र 0.07% रह गया, जो उद्योग में सर्वश्रेष्ठ स्तर है। प्रति शेयर आय (EPS) 12.46 से बढ़कर 13.38 हो गई, जो 7.38% की वृद्धि को दर्शाती है। HUDCO के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ ने कहा, "सरकार द्वारा अधोसंरचना विकास पर दिए जा रहे विशेष बल और हाल ही में घोषित प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के चलते हमें उम्मीद है कि HUDCO वित्त वर्ष 2025 में 25% से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि (CAGR) दर्ज करेगा।" उन्होंने आगे कहा कि यह सफलता कंपनी के सभी हितधारकों के विश्वास, सहयोग और समर्पण का परिणाम है। HUDCO का यह मजबूत प्रदर्शन न केवल उसकी वित्तीय सुदृढ़ता को दर्शाता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि कंपनी देश में किफायती आवास और शहरी अधोसंरचना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वित्त वर्ष 2025–26 की पहली छमाही में मिली यह सफलता कंपनी के भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत देती है।

# भारत बनेगा हरित हाइड्रोजन का वैश्विक हब: प्रह्लाद जोशी

## नवाचार आधारित पायलट परियोजनाओं के लिए सरकार ने मांगे प्रस्ताव

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत सरकार ने देश को हरित हाइड्रोजन उत्पादन, उपयोग और निर्यात का केंद्र बनाने का संकल्प दोहराया है। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि सरकार ऐसी नवोन्मेषी परियोजनाओं को बढ़ावा दे रही है, जो हरित हाइड्रोजन को ऊर्जा के एक टिकाऊ विकल्प के रूप में स्थापित कर सकें। भारत मंडपम में आयोजित 'हरित हाइड्रोजन 2025' अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जोशी ने बताया कि सरकार ने अत्याधुनिक तकनीकों को प्रदर्शित करने वाली पायलट परियोजनाओं के लिए नए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। इनमें 100 करोड़ रुपए के निवेश के साथ बायोमास के माध्यम से हरित हाइड्रोजन उत्पादन की पहल भी शामिल है।

### हाइड्रोजन ऊर्जा भविष्य की जरूरत

केंद्रीय मंत्री ने कहा, "हरित हाइड्रोजन केवल ऊर्जा का विकल्प नहीं, बल्कि भविष्य की आर्थिक आवश्यकता है।" उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत सरकार का प्रमुख लक्ष्य ऐसी तकनीकों को प्रोत्साहित करना है, जो अपशिष्ट और जैविक पदार्थों से स्वच्छ हाइड्रोजन का उत्पादन कर सकें। प्रह्लाद जोशी ने कहा कि भारत आने वाले वर्षों में स्वच्छ मूल्य श्रृंखला और हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाएगा।



### BIRAC को सौंपी परियोजनाओं की जिम्मेदारी

उन्होंने 'वसुधैव कुटुंबकम्' के सिद्धांत को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत की हरित हाइड्रोजन पहल केवल देश के लिए नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए फायदेमंद साबित होगी। जोशी ने बताया कि इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (BIRAC) को सौंपी गई है, जो जल्द ही देशभर की एजेंसियों और अनुसंधान संस्थानों से भागीदारी आमंत्रित करेगी।

भारत-साउथ अफ्रीका टेस्ट सीरीज

# ईडन गार्डन्स में जडेजा के सामने दो बड़े रिकॉर्ड तोड़ने का मौका

एजेंसी । नई दिल्ली



ऑस्ट्रेलिया दौरे के सफल समापन के बाद टीम इंडिया अब अपने घर में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ने के लिए तैयार है। अफ्रीकी टीम भारत दौरे की शुरुआत दो टेस्ट मैचों की सीरीज से करेगी, जिसके बाद तीन वनडे और पांच टी-20 मुकाबले खेले जाएंगे। पहला टेस्ट मैच 14 नवंबर से कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा, जहां छह साल बाद फिर से रेड बॉल क्रिकेट लौट रहा है। पिछली बार यह मैदान 2019 में भारत-बांग्लादेश के बीच डे-नाइट टेस्ट का गवाह बना था।

### सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका

जहां एक ओर सभी की निगाहें कप्तान शुभमन गिल, युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, विकेटकीपर ऋषभ पंत और अनुभवी केएल राहुल पर होंगी, वहीं टीम के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भी सुर्खियों में रहेंगे। जडेजा इस मैच में गेंदबाजी के क्षेत्र में एक खास उपलब्धि हासिल कर सकते हैं।

### छह पारी में चार विकेट ले चुके हैं जडेजा

अब तक ईडन गार्डन्स में खेले गए 3 टेस्ट मैचों की 6 पारियों में जडेजा 4 विकेट ले चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अगर वे सिर्फ 2 विकेट और झटक लेते हैं, तो वह महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ देंगे, जिनके नाम इस मैदान पर 13 टेस्ट मैचों की 12 पारियों में 5 विकेट दर्ज हैं। तेंदुलकर का बेस्ट प्रदर्शन 31 रन देकर 3 विकेट रहा है, जबकि जडेजा का बेस्ट आंकड़ा 41 रन पर 3 विकेट है।

### 350 विकेट क्लब में शामिल होने की दहलीज पर

रवींद्र जडेजा अब तक 87 टेस्ट मैचों में 338 विकेट झटक चुके हैं। आगामी दो टेस्ट मुकाबलों में अगर वह 12 विकेट लेने में सफल रहते हैं, तो वह 350 विकेट पूरे करने वाले भारत के पांचवें गेंदबाज बन जाएंगे। यह उपलब्धि अब तक केवल अनिल कुंबले (619), रविचंद्रन अश्विन (537), कपिल देव (434) और हरभजन सिंह (417) के नाम रही है।

एशियन आर्चरी चैंपियनशिप

# सेमीफाइनल में पांच भारतीय महिलाएं



**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में जारी एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 में मंगलवार को भारत का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। व्यक्तिगत कंपाउंड और रिकर्व इवेंट्स में पांच महिला खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचीं। महिलाओं के कंपाउंड में प्रथिका प्रदीप ने एक कड़े मुकाबले वाले क्वार्टर फाइनल में अपनी ही देश की चिकीथा तनिपार्थी को 148-146 से हराया, जबकि ज्योति सुरेखा वेन्नम ने दक्षिण कोरिया की ओह यूह्युन को 147-145 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। प्रथिका का अगला मुकाबला बांग्लादेश की कुलसुम अख्तर मोने से होगा और ज्योति का मुकाबला चीनी ताइपे की सी-यू चेन से होगा। महिलाओं के रिकर्व क्वार्टर फाइनल में अंकिता भकत ने साउथ कोरिया की टॉप सीड जांग मिन्ही को 6-4 से हराकर दीपिका कुमारी के साथ सेमीफाइनल मुकाबले में जगह बनाई। दीपिका ने क्वार्टर फाइनल में कोरिया की ली गाह्युन को 7-3 से हराया। संगीता ने ईरान की जारे रेहयाने को 7-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और अब उनका मुकाबला साउथ कोरिया की नम सुह्योन से होगा।

# जम्मू-कश्मीर ने दिल्ली को सात विकेट से हरा दर्ज की पहली जीत

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय घरेलू क्रिकेट के सबसे पुराने टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी में जम्मू-कश्मीर ने इतिहास रच दिया है। 1934 से शुरू हुए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के 96 साल के सफर में पहली बार जम्मू-कश्मीर ने दिल्ली जैसी मजबूत टीम को मात दी है। टीम ने रविवार को 7 विकेट से शानदार जीत दर्ज कर क्रिकेट इतिहास में नया अध्याय जोड़ा।



### कप्तान पारस और स्पिनर वंशज का जलवा

पहली पारी में जम्मू-कश्मीर ने 310 रन बनाए, जिसमें कप्तान पारस डोगरा का 106 रनों का शानदार योगदान रहा। दिल्ली की दूसरी पारी में युवा स्पिनर वंशज शर्मा ने विपक्षी टीम को टिकने नहीं दिया। उन्होंने पहली पारी में 2 और दूसरी में 6 विकेट लेकर कुल 8 विकेट हासिल किए और जीत की नींव मजबूत की।

### ऐतिहासिक जीत से गूंज उठा जम्मू-कश्मीर क्रिकेट

जम्मू-कश्मीर की यह जीत केवल एक मैच नहीं, बल्कि उनके क्रिकेट इतिहास का मील का पत्थर बन गई है। घरेलू क्रिकेट में लंबे समय से उपेक्षित रही टीम ने इस जीत से यह साबित किया है कि अब वह किसी भी टीम को चुनौती देने का दम रखती है।

### आकिब बने हीरो, इकबाल का तूफानी शतक

इस ऐतिहासिक मुकाबले में जम्मू-कश्मीर के खिलाड़ियों ने हर विभाग में दम दिखाया। दिल्ली के खिलाफ जीत में आकिब नबी को उनके घातक प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने पहली पारी में सिर्फ 35 रन देकर 5 विकेट झटके और दिल्ली की मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप को ढहा दिया। लक्ष्य था 179 रन, जिसे जम्मू-कश्मीर ने मात्र 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

# ट्यूनिशिया की टेनिस स्टार ओंस जाबूर ने दी खुशखबरी

एजेंसी । नई दिल्ली

टेनिस जगत से एक दिल छू लेने वाली खबर सामने आई है। ट्यूनिशिया की स्टार खिलाड़ी और पूर्व विश्व नंबर-2 ओंस जाबूर ने सोमवार को घोषणा की कि वह अपने पहले बच्चे की मां बनने वाली हैं। इसके साथ ही उन्होंने पेशेवर टेनिस से कुछ समय के लिए लंबा ब्रेक लेने का फैसला किया है। 31 वर्षीय जाबूर ने इंस्टाग्राम पर एक भावनात्मक संदेश साझा करते हुए लिखा, 'मैंने खुद को रिफ्रेश और रिचार्ज करने के लिए थोड़ा विराम लिया था और अब लगता है, हमने अब तक की सबसे प्यारी वापसी की योजना बना ली है।"



### पांच WTA सिंगल्स खिताब जीत चुकी हैं जाबूर

जाबूर इस समय विश्व रैंकिंग में 79वें स्थान पर हैं। तीन बार ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट रह चुकीं जाबूर ने अपने करियर में अब तक 5 डब्ल्यूटीए सिंगल्स खिताब जीते हैं। अपने खेल के साथ-साथ वह मानसिक स्वास्थ्य को लेकर भी मुखर रही हैं। उन्होंने पहले स्वीकार किया था कि लगातार यात्रा और दबावभरे टूर के कारण उन्हें मानसिक थकान और डिप्रेशन जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

### दूसरा नाम है मिनिस्टर आफ हैपीनेस

उनके इस संदेश के साथ साझा की गई तस्वीर ने पूरे टेनिस समुदाय में खुशी की लहर दौड़ा दी। अपने करियर और मुस्कान से लाखों प्रशंसकों का दिल जीतने वाली ओंस जाबूर को प्यार से 'मिनिस्टर ऑफ हैप्पीनेस" कहा जाता है। उन्होंने बताया कि वह अप्रैल में एक बेटे को जन्म देंगी, और फिलहाल मातृत्व एवं परिवार पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हैं।

# मैनचेस्टर यूनाइटेड के स्ट्राइकर बेंजामिन सेस्को चोटिल

एजेंसी । मैनचेस्टर




स्लोवेनिया की फुटबॉल टीम को फीफा विश्व कप क्वालीफिकेशन अभियान के बीच बड़ा झटका लगा है। टीम के प्रमुख स्ट्राइकर और मैनचेस्टर यूनाइटेड के युवा स्टार बेंजामिन सेस्को घुटने की चोट के चलते आने वाले अहम क्वालीफायर मुकाबलों से बाहर हो गए हैं।
शनिवार को प्रीमियर लीग में टॉटनहैम हॉटस्पर के खिलाफ मुकाबले के दौरान 88वें मिनट में सेस्को मैदान से बाहर चले गए थे। क्लब ने बयान जारी करते हुए बताया कि चोट गंभीर नहीं है, फिर भी खिलाड़ी को कैरींगटन ट्रेनिंग कॉम्प्लेक्स में चिकित्सा टीम की निगरानी में रखा गया है और आने वाले दिनों में उनका आगे का मूल्यांकन किया जाएगा।
सेस्को की अनुपस्थिति स्लोवेनिया के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि टीम को विश्व कप क्वालीफिकेशन की दौड़ में बने रहने के लिए आगामी मैचों में शानदार प्रदर्शन करना होगा। टीम को शनिवार को कोसोवो के खिलाफ जीत और 18 नवंबर को स्वीडन के खिलाफ कम से कम ड्रॉ की आवश्यकता है ताकि उनकी उम्मीदें कायम रह सकें।




# तमन्ना भाटिया का मुंहतोड़ जवाब

बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की चर्चित अभिनेत्री तमन्ना भाटिया इन दिनों अपने शानदार बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन और तेजी से हुए वेट लॉस (Weight Loss) को लेकर सुर्खियों में हैं। जहां कुछ फैंस उनके दुबले-पतले लुक से खुश हैं, वहीं सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने उन पर तेजी से वजन कम करने वाली दवा 'ओजैंपिक' के इस्तेमाल का आरोप लगाया है। इन आरोपों पर अब तमन्ना भाटिया ने खुद सामने आकर प्रतिक्रिया दी है और ब्यूटी स्टैंडर्ड्स पर खरा उतरने के प्रेशर पर भी खुलकर बात की है।
बातचीत में तमन्ना भाटिया ने अपने वेट लॉस पर लगे आरोपों पर रिएक्ट किया। उन्होंने कहा, 'मैं कैमरे के सामने ही बड़ी हुई हूं। मैं 15 साल की उम्र से कैमरे के सामने रही हूं तो छुपाने के लिए कुछ भी नहीं है। मेरे कर्व्स कहीं नहीं जा रहे हैं।" तमन्ना ने साफ किया कि 20s के आखिरी तक उनका शरीर दुबला-पतला ही था और यह उनके लिए 'नया' नहीं है। उन्होंने कहा, 'टेक्निकली ये मेरे लिए नया नहीं है। मैं ऐसे ही पली-बढ़ी हूं और ऐसी ही रही हूं।
तमन्ना भाटिया ने इस बात पर जोर दिया कि हिंदी भाषी दर्शकों को उनका यह दुबला-पतला रूप नया लग सकता है, लेकिन उन्होंने अपने करियर में कई अलग-अलग बॉडी शेप में काम किया है। उन्होंने कहा, 'ये हिंदी बेल्ट के दर्शकों के लिए नया हो सकता है, लेकिन मैं लगभग 100 फिल्में कर चुकी हूं और लोगों ने मुझे अलग-अलग फिल्मों में अलग-अलग शरीर में देखा है। लेकिन, ज्यादातर फिल्मों में मैं दुबली-पतली ही रही हूं।" उन्होंने लोगों से अपील की कि वे समझें कि महिलाओं का शरीर बदलता रहता है और हर पांच साल में वे खुद का एक अलग रूप देखती हैं।



# 15 नवंबर को प्रियंका करेंगी बड़ा खुलासा

## ग्लोबट्रॉटर इवेंट में जुटेंगे पचास हज़ार फैंस

भारत के मनोरंजन इतिहास का अब तक का सबसे भव्य इवेंट माना जा रहा 'ग्रैंड ग्लोबट्रॉटर इवेंट' 15 नवंबर 2025 को होने जा रहा है। इस इवेंट में प्रियंका चोपड़ा, एस.एस. राजामौली, महेश बाबू और पृथ्वीराज जैसे दिग्गज एक साथ नजर आएंगे। इस दिन भारत के सबसे बड़े सिनेमाई खुलासे से पर्दा उठेगा।
हाल ही में'कुम्भा" के रूप में पृथ्वीराज का दमदार पहला लुक सामने आया, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। इसके बाद प्रियंका चोपड़ा ने अपने विशेष संदेश में दुनिया भर के फैंस से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनें। अपनी ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरपूर अपील में प्रियंका ने कहा कि 15 नवंबर को होने वाला यह इवेंट देश के लिए एक'ऐतिहासिक खुलासा" लेकर आएगा।
मेकर्स ने इस मौके पर लिखा,'बहुत सारे सवाल अब वक्त है जानने का। प्रियंका चोपड़ा ने दुनिया को बुलाया है 15 नवंबर को भारत के सबसे बड़े खुलासे का गवाह बनने के लिए₹
एस.एस. राजामौली के निर्देशन में और सुपरस्टार महेश बाबू की मौजूदगी में रामोजी फिल्म सिटी में होने वाला यह आयोजन भारतीय सिनेमा का सबसे बड़ा लाइव फैन इवेंट बनने की ओर है। अनुमान है कि यहां 50,000 से अधिक दर्शक शामिल होंगे। राजामौली पहले ही भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर पहचान दिला चुके हैं, और अब महेश बाबू के साथ उनका यह नया प्रोजेक्ट अगली ग्लोबल ब्लॉकबस्टर साबित हो सकता है। जैसे-जैसे तारीख करीब आ रही है, देशभर में उत्साह और जिज्ञासा चरम पर है, हर कोई इंतजार कर रहा है 15 नवंबर को होने वाले 'भारत के सबसे बड़े खुलासे' का।






# 'दे दे प्यार दे 2' का नया गाना 'आखिरी सलाम' रिलीज



अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक मानी जा रही है। अब निर्माताओं ने फिल्म का नया रोमांटिक गाना 'आखिरी सलाम' जारी किया है, जो रिलीज होते ही दर्शकों के बीच छा गया है।
2019 में आई 'दे दे प्यार दे' के हिट गाने 'चले आना' की तरह, इस सीक्वल में भी अरमान मलिक की सुरीली आवाज़ ने श्रोताओं को भावुक कर दिया है। गाने में प्रेम, बिछड़ने और अधूरी चाहत की भावनाओं को बड़े खूबसूरत अंदाज में दिखाया गया है। गाने की कोरियोग्राफी गणेश आचार्य और राजू खान ने की है, जबकि संगीत सागर भाटिया ने दिया है। विजुअली भी यह गाना बेहद खूबसूरत है और सोशल मीडिया पर तेजी से ट्रेंड कर रहा है।

### 14 नवंबर को रिलीज होगी फिल्म

'दे दे प्यार दे 2' 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म का निर्देशन अंशुल शर्मा ने किया है और इसे लव रंजन, अंकुर गर्ग और भूषण कुमार ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म में अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह के साथ आर. माधवन और मिजान जाफरी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। निर्माताओं ने फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू कर दी है, और दर्शकों में इसे लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

# एग्जाम पर फोकस कर रहीं अनीत पड्डा

'सैयारा' जैसी सुपरहिट लव स्टोरी देने के बाद देशभर में पहचान बनाने वाली जेन-जेड स्टार अनीत पड्डा अब अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट की तैयारी में जुट गई हैं। हालांकि, उससे पहले वह दिसंबर और जनवरी में अपने कॉलेज की फाइनल ईयर परीक्षाएं देने जा रही हैं। एक सूत्र के मुताबिक,'यह वाकई प्रेरणादायक है कि अनीत इतनी कम उम्र में सफलता की मिसाल बन चुकी हैं। वह दिसंबर–जनवरी में अपनी बी.ए. (ऑनर्स) पॉलिटिकल साइंस की फाइनल परीक्षाएं देंगी और इसके तुरंत बाद दिनेश विजान की अगली फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग शुरू करेंगी, जिसमें वह लीड रोल निभा रही हैं। सूत्र ने आगे बताया, 'अनीत इस समय अपनी पढ़ाई और करियर दोनों को संतुलित कर रही हैं। उनका शेड्यूल इस तरह से तय किया गया है कि परीक्षा के दौरान वह पूरी तरह पढ़ाई पर ध्यान दे सकें, जबकि वर्क-फ्रंट पर भी कोई रुकावट न आए।₹
अनीत पड्डा ने 'सैयारा' के जरिए वाईआरएफ बैनर तले अपना शानदार डेब्यू किया था। अहान पांडे के साथ उनकी यह फिल्म पिछले 25 वर्षों में किसी न्यूकमर की सबसे बड़ी लॉन्चिंग मानी गई, 'कहो ना प्यार है' के बाद की सबसे सफल शुरुआत के रूप में।



## निठारी हत्याकांड

# मुख्य दोषी सुरेंद्र कोली होगा आजाद



एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नोएडा में 2005-2006 के निठारी हत्याकांड से जुड़े हत्या और रेप कसे में सुरेंद्र कोली को बरी कर दिया है। कोर्ट ने सुरेंद्र की उस क्यूरेटिव पिटीशन को मंजूरी दे दी, जिसे उसने खुद को दोषी ठहराए जाने के खिलाफ दायर किया था। फरवरी 2011 में 15 साल की एक लड़की की हत्या के मामले में कोली की दोषसिद्धि को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा था। हालांकि, इलाहाबाद हाईकोर्ट से बाकी 12 मामलों में बरी किए जाने के बाद उसने इस साल एक बार फिर क्यूरेटिव पिटीशन लगाई थी। CJI बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने कोली की दोषसिद्धि को खारिज करते हुए कहा कि उसे तत्काल रिहा किया जाए।

- सुप्रीम कोर्ट ने आखिरी केस में भी बरी किया
- 10 मामलों में मिली थी मौत की सजा

### बड़ी मछली को बचाने गरीब को फंसाया : वकील

सुरेंद्र के वकील युग मोहित चौधरी कहते हैं कि 19 साल बाद जिन 13 मामलों में उसे मौत की सजा सुनाई गई थी, उनमें से 12 में वह पहले ही निर्दोष साबित हो चुका था। एक मामला बचा था, जिसमें पांच अदालतों ने उसे दोषी घोषित कर मौत की सजा सुनाई थी। आज सुप्रीम कोर्ट ने उस मामले में भी पहले के फैसलों को पलट दिया है। इस बेचारे को किसी ताकतवर व्यक्ति को बचाने के लिए फंसाया गया था। हर सबूत झूठा था, एक भी दोषसिद्धि को सही नहीं ठहरा सकता। यह स्पष्ट है कि सीबीआई ने असली अपराधी को जानते हुए भी इन निर्दोष लोगों के खिलाफ झूठे सबूत गढ़े और उन्हें फंसाया।

### आखिरी केस में कब क्या हुआ...

- कोली को नोएडा के निठारी गांव में 15 साल की एक लड़की के बलात्कार और हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था और फरवरी 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने उसकी सजा बरकरार रखी थी। उसकी पुनर्विचार याचिका 2014 में खारिज कर दी गई थी।
- हालांकि, जनवरी 2015 में, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उसकी दया याचिका पर फैसले में हद से ज्यादा देरी के कारण उसकी मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया।
- अक्टूबर 2023 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निठारी के कई दूसरे मामलों में कोली और पंढेर को बरी कर दिया। 2017 में निचली अदालत से मिली मौत की सजा को पलट दिया।
- अदालत ने कोली को 12 मामलों में और पंढेर को दो मामलों में बरी कर दिया। सीबीआई और पीड़ित परिवारों ने बाद में इन बरी करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, लेकिन अदालत ने 30 जुलाई को सभी 14 अपीलों को खारिज कर दिया।
- 7 अक्टूबर को कोर्ट ने टिप्पणी की थी कि दोषसिद्धि केवल एक बयान और रसोई के चाकू की बरामदगी के आधार पर की गई थी। बाकी मामलों में बरी किए जाने के कारण विषम स्थिति उत्पन्न हो गई है।

### क्या था 2006 का निठारी हत्याकांड?

29 दिसंबर 2006 को नोएडा के निठारी गांव में कारोबारी मोनिंदर सिंह पंढेर के घर के पीछे एक नाले से आठ बच्चों के कंकाल मिले थे। इस खुलासे के बाद कई बच्चों और महिलाओं के गायब होने व हत्या की जांच शुरू हुई, जिसमें पंढेर और उसके नौकर सुरिंदर कोली को गिरफ्तार किया गया। 2006 से अब तक इस मामले में 50 से ज्यादा कोर्ट सुनवाई, 14 केस फाइलें और 20 से ज्यादा फैसले दिए जा चुके हैं।

# जल्द घटाया जाएगा भारत का टैरिफ : ट्रंप

भारत पर लगाए गए आयात शुल्कों में कमी की घोषणा, जल्द होगा निष्पक्ष व्यापार समझौता




एजेंसी | वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि भारत पर लगाए गए आयात शुल्क "काफी अधिक" हैं, जिन्हें जल्द ही घटाया जाएगा। उन्होंने संकेत दिया कि भारत और अमेरिका के बीच नया व्यापार समझौता अंतिम चरण में है, जो "पहले से कहीं अधिक संतुलित और न्यायसंगत" होगा। ट्रंप ने यह घोषणा ओवल ऑफिस में भारत में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान की। उन्होंने कहा कि भारत पर लगाए गए भारी आयात शुल्क रूस से तेल खरीदने के कारण लागू किए गए थे, लेकिन अब भारत ने उस खरीद में काफी कमी कर दी है। ट्रंप ने कहा, भारत अब रूस से सीमित मात्रा में तेल खरीद रहा है। इसलिए हम आयात शुल्कों में कटौती करने जा रहे हैं। यह कदम किसी उचित समय पर लागू किया जाएगा।

### तेल खरीदने पर लगाया था शुल्क

गौरतलब है कि ट्रंप प्रशासन ने रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत द्वारा रूस से तेल आयात जारी रखने पर 50 प्रतिशत तक के आयात शुल्क लगाए थे — जो किसी भी देश पर लगाए गए सबसे अधिक शुल्कों में शामिल थे। अमेरिका का तर्क था कि इससे रूस को युद्ध के दौरान आर्थिक मदद मिल रही थी। ट्रंप ने संभावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भरोसा जताते हुए कहा कि दोनों देश "समानता के आधार" पर आगे बढ़ रहे हैं। पहले हमारे समझौते काफी एकतरफा होते थे, लेकिन अब हम एक निष्पक्ष और लाभकारी व्यापार व्यवस्था की दिशा में जा रहे हैं।

### हम फिर मजबूत दोस्त बनेंगे

उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों की वजह से वे भारत में "कुछ अलोकप्रिय" हो गए हैं, लेकिन उन्हें भरोसा है कि आने वाले समय में भारतीय दृष्टिकोण फिर से सकारात्मक होगा। इस समय शायद मैं भारत में बहुत लोकप्रिय नहीं हूं, लेकिन जल्द ही हम फिर मजबूत दोस्त बनेंगे।

### राजदूत सर्जियो गोर ने ली शपथ

शपथ ग्रहण के बाद सर्जियो गोर ने कहा, मैं दोनों देशों के बीच संबंधों को नई दिशा देने और हमारे साझेदारी के दायरे को और व्यापक बनाने के लिए उत्सुक हूं। शपथ समारोह में उप राष्ट्रपति जे.डी. वेंस, विदेश मंत्री मार्को रूबियो, वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट, अटॉर्नी जनरल टॉम बॉन्डी और कई वरिष्ठ सीनेटरों सहित चार्ली किर्क की पत्नी एरिका किर्क भी मौजूद थीं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पाकिस्तान में आत्मघाती धमाका, 12 लोग मरे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद स्थित न्यायिक परिसर के पास मंगलवार को हुए एक आत्मघाती विस्फोट में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा व्यक्ति घायल हो गए। खबरों के मुताबिक यह शक्तिशाली विस्फोट स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12:30 बजे न्यायिक परिसर के पास खड़े एक वाहन में हुआ। विस्फोट के कारण वाहन में आग लग गई, जिसने आस-पास की अन्य कारों को भी अपनी चपेट में ले लिया। शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि विस्फोट में वकीलों सहित 12 लोग घायल हुए हैं। इस बीच पुलिस ने बताया कि विस्फोट के समय अदालत परिसर में काफी भीड़ थी, जिसमें कई अन्य लोगों के घायल होने की खबर है। घायलों को आपातकालीन चिकित्सा के लिए पीआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### एसयूवी सवार युवकों ने जज के परिवार से की अभद्रता

**लखनऊ।** लखनऊ में विकासनगर के टेढ़ी पुलिया चौराहे पर आठ नवंबर की रात कार में टक्कर मारने का आरोप लगाकर एसयूवी सवार दो युवकों ने सीतापुर में विशेष न्यायाधीश, एससी/एसटी एक्ट मोहम्मद सफीक की पत्नी व बच्चों के साथ अभद्रता, गाली-गलौज की। आरोपियों ने उनकी कार का साइड का शीशा भी तोड़ दिया। विकासनगर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रतापगढ़ के टिकरिया बुजुर्ग कुंडा निवासी सिद्दीकी ताहिरा पति मोहम्मद सफीक, बेटों समीर व शारिक के साथ इंदिरानगर में रहती हैं। पीड़िता के मुताबिक आठ नवंबर की रात 11:15 बजे वह पति तथा बेटों के साथ छठा मील चौराहे से घर लौट रहीं थीं। बुखार के कारण पति दवा लेने के लिए टेढ़ी पुलिया चौराहे के पास एक अस्पताल में रुक गए।

### 28 साल के एलेक्जेंडर वांग बने मेटा के AI बॉस!

**नई दिल्ली।** आज के समय में हर तरफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की काफी चर्चा है। हर बड़ी कंपनियां एआई पर काम कर रही है और इसके लिए अपने एआई टीम में बेहतर लोगों की नियुक्तियां कर रही है। इसी कड़ी में मार्क जुकरबर्ग की कंपनी मेटा ने भी मेटा सुपरइंटेलिजेंस लैब्स का नेतृत्व करने के लिए एलेक्जेंडर वांग को नियुक्त किया है। 28 वर्षीय एलेक्जेंडर वांग स्केल एआई के फाउंडर है। यह नियुक्ति 14.3 बिलियन डॉलर के डील का एक हिस्सा है, जो हाल के दिनों में एआई के सेक्टर में सबसे बड़ी नियुक्तियों में से एक बन गया है। एलेक्ज़ेंडर वांग का जन्म न्यू मैक्सिको में चीनी अप्रवासी माता-पिता के घर हुआ था, जो लॉस एलामोस नेशनल लेबोरेटरी में भौतिक विज्ञानी (Physicist) थे। एलेक्जेंडर वांग ने गणित और कंप्यूटर विज्ञान के प्रति बचपन से ही जुनून दिखाया था।

कोलकाता मेट्रो में तकनीकी क्रांति, 465 करोड़ की नई प्रणाली को मंजूरी

# अब बिना चालक दौड़ेगी मेट्रो

एजेंसी | कोलकाता

देश की पहली मेट्रो सेवा देने वाला कोलकाता अब एक नई तकनीकी छलांग लगाने को तैयार है। वर्ष 1984 में इतिहास रचने वाली कोलकाता मेट्रो, जिसने गंगा के नीचे से गुजरने वाली सुरंग और देश के सबसे गहरे स्टेशन जैसे मील के पत्थर हासिल किए, अब बिना चालक के चलने वाली मेट्रो का नया अध्याय शुरू करने जा रही है। रेल मंत्रालय ने दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष तक की 'नीली लाइन' पर संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण प्रणाली (CBTC – Communication Based Train Control System) लगाने की स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना के लिए 465 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया गया है।



### हर दो मिनट में चलेगी एक गाड़ी

मेट्रो अधिकारियों के अनुसार, वर्तमान में उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर पर हर छह मिनट में एक ट्रेन चलती है, लेकिन नई प्रणाली लागू होने के बाद यह अंतराल घटकर केवल दो मिनट रह जाएगा। CBTC तकनीक के तहत ट्रेनें पूर्णतः स्वचालित मोड में संचालित होंगी।

### चार वर्ष का लग सकता है समय

ऐसे में ड्राइवर की आवश्यकता नहीं होगी, केवल एक ट्रेन परिचारक सुरक्षा और निगरानी के लिए मौजूद रहेगा। अधिकारियों का कहना है कि इस नई प्रणाली को पूर्ण रूप से लागू करने में तीन से चार वर्ष का समय लग सकता है।

# एक दशक बाद गद्दाफी का बेटा हन्नीबल रिहा

### लेबनान ने 9 लाख डॉलर की जमानत राशि पर दी रिहाई

एजेंसी | बेरूत

लेबनान ने लगभग दस वर्षों की हिरासत के बाद लीबिया के पूर्व शासक मुअम्मर गद्दाफी के छोटे बेटे हन्नीबल गद्दाफी को सोमवार को रिहा कर दिया। उनकी रिहाई 9 लाख डॉलर (करीब 7.6 करोड़ रुपये) की जमानत राशि पर हुई है, जो पहले तय की गई 110 लाख डॉलर की राशि से काफी कम है। 49 वर्षीय हन्नीबल को दिसंबर 2015 में लेबनान आगमन के बाद गिरफ्तार किया गया था। उन पर आरोप था कि लेबनानी शिया नेता इमाम मुस्तफा अल-हज्जार के अपहरण और हत्या से जुड़ी जानकारी छिपाई थी।



### अंतिम चरण में न्यायिक प्रक्रिया

लेबनानी न्यायिक सूत्रों के अनुसार, हन्नीबल की कानूनी टीम ने हाल ही में अदालत से जमानत राशि में कमी की अपील की थी, जिसे स्वीकार कर अदालत ने 9 लाख डॉलर पर सहमति दी। इसके बाद ही उनकी रिहाई की प्रक्रिया पूरी की गई। हन्नीबल के वकील इब्राहिम बयान ने मीडिया से कहा, मेरा मुवक्किल निर्दोष है और अब वह स्वतंत्र है।

### लेबनान छोड़ने की अनुमति नहीं

हालांकि लेबनानी अधिकारियों ने यह स्पष्ट किया है कि हन्नीबल को देश छोड़ने की अनुमति नहीं दी गई है और मुकदमे की कार्यवाही जारी रहेगी। लीबिया की ओर से इस रिहाई पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया अब तक सामने नहीं आई है। गौरतलब है कि मुअम्मर गद्दाफी ने 1969 से 2011 तक लीबिया पर शासन किया था। 2011 की क्रांति के दौरान उनकी हत्या कर दी गई थी, जबकि गद्दाफी परिवार के कई सदस्य उस समय या तो मारे गए या गिरफ्तार किए गए।

## सुको : WHO के वायु गुणवत्ता मानक की मांग ठुकराई

**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के वायु गुणवत्ता दिशा-निर्देशों को तुरंत लागू करने की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। सोमवार को एक वकील ने मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष याचिका का उल्लेख करते हुए अनुरोध किया कि इसे मंगलवार, 12 नवंबर को सूचीबद्ध किया जाए। हालांकि, न्यायालय ने इस मांग को अस्वीकार कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से जुड़े चल रहे मामले में वे एक अंतरिम अर्जी दाखिल कर चुके हैं, जिसमें डब्ल्यूएचओ के दिशा-निर्देशों को लागू करने की मांग की गई है। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने पूछा कि याचिका किसने दायर की है। जब वकील ने बताया कि यह पर्यावरण कानून विशेषज्ञ एक वकील द्वारा दायर की गई है, तो मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की, कि इस अदालत में ऐसे कई वकील हैं जो पर्यावरण कानून के जानकार हैं।



## जहरीली हुई दिल्ली की हवा, ग्रेप-3 प्रतिबंध लागू

एजेंसी | नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली की हवा एक बार फिर जहरीली हो गई है। लगातार बढ़ते प्रदूषण स्तर ने सांस लेना मुश्किल कर दिया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) के तीसरे चरण के तहत कड़े प्रतिबंध लागू करने का आदेश जारी किया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) के अनुसार, मंगलवार सुबह दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 425 दर्ज किया गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। आयोग ने बताया कि हाल के दिनों में शांत हवाओं और स्थिर मौसम परिस्थितियों के कारण प्रदूषक तत्व हवा में फंस गए हैं, जिससे स्थिति और बिगड़ गई है। दिल्लीवासियों को सलाह दी गई है कि बिना जरूरत घर से बाहर न निकलें और मास्क का प्रयोग करें।



### BS-4 डीजल वाहनों पर रोक

ग्रेप-3 के तहत अब BS-3 पेट्रोल और BS-4 डीजल वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई गई है। इसके साथ ही गैर-जरूरी निर्माण एवं विध्वंस कार्यों, मध्यम आकार के मालवाहक वाहनों और ईंट भट्टों जैसे औद्योगिक संचालन पर भी प्रतिबंध रहेगा।

### आनलाइन पढ़ाई भी विकल्प

इसके अलावा, सरकार ने निर्देश दिया है कि कक्षा 5 तक के स्कूलों में पढ़ाई को हाइब्रिड या ऑनलाइन मोड में संचालित किया जा सकता है ताकि बच्चों को प्रदूषण से बचाया जा सके। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्थिति केवल प्रशासनिक कार्रवाई से नहीं सुधरेगी, बल्कि दीर्घकालिक समाधान जैसे हरित ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन और क्षेत्रीय समन्वय की आवश्यकता है।

## इंडिगो ने दिल्ली–ग्वांगझोउ के बीच शुरू की सीधी उड़ान

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत की अग्रणी बजट एयरलाइन इंडिगो ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से चीन के ग्वांगझोउ के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू की है। यह मार्ग कंपनी का कोलकाता के बाद दूसरा सीधा कनेक्शन है, जो दोनों देशों के बीच व्यापार और यात्रा संबंधों को नई दिशा देगा। एयरलाइन ने बताया कि 10 नवंबर से दिल्ली–ग्वांगझोउ के बीच दैनिक उड़ानें शुरू की गई हैं। यह नया मार्ग दिल्ली — जो भारत का प्रमुख विमानन केंद्र है — को दक्षिण चीन के महत्वपूर्ण औद्योगिक और व्यावसायिक शहर ग्वांगझोउ से सीधे जोड़ता है। इंडिगो के अनुसार, यह सेवा ए-320 नियो नैरो-बॉडी विमानों से संचालित होगी।




### सीमा विवाद के कारण निलंबित थीं सेवाएं

गौरतलब है कि कोविड-19 महामारी और पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के कारण 2020 की शुरुआत में भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें निलंबित कर दी गई थीं। हाल ही में दोनों देशों के बीच कूटनीतिक पहल और वार्ताओं के बाद हवाई सेवाएं फिर से बहाल की जा रही हैं।

# ब्रिटिश लेखक डेविड स्ज़ेले को बुकर पुरस्कार

- हंगेरियाई मूल के लेखक के उपन्यास 'फ्लेश' में अप्रवासी जीवन का गहरा चित्रण

एजेंसी | लंदन

हंगेरियाई मूल के ब्रिटिश लेखक डेविड स्ज़ेले को इस वर्ष के प्रतिष्ठित 'बुकर पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। स्ज़ेले को यह पुरस्कार उनकी चर्चित पुस्तक 'फ्लेश' के लिए मिला, जो हंगरी के श्रमिक वर्ग से उठकर ब्रिटेन के उच्च समाज में जगह बनाने की जद्दोजहद कर रहे एक व्यक्ति की संवेदनशील कहानी को बखूबी चित्रित करती है। 51 वर्षीय स्ज़ेले ने इस सम्मान की दौड़ में ब्रिटिश लेखक एंड्रयू मिलर और भारतीय मूल की लेखिका किरण देसाई सहित पाँच अन्य फाइनलिस्टों को पीछे छोड़ा। विजेता लेखक को 50,000 पाउं की पुरस्कार राशि दी जाती है। यह सम्मान न केवल प्रतिष्ठा का प्रतीक है। बल्कि इससे लेखक की पुस्तक की बिक्री और वैश्विक लोकप्रियता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होती है।




### सादगी में असाधारण है 'फ्लेश'

निर्णायक मंडल में आयरिश लेखक रॉडी डॉयल और प्रसिद्ध अभिनेत्री सारा जेसिका पार्कर सहित कई प्रमुख हस्तियां शामिल थीं। मंडल ने 153 उपन्यासों में से सर्वसम्मति से 'फ्लेश' को विजेता घोषित किया।

**शीतलहर** | घाटी में पारा शून्य से 0.4 डिग्री नीचे

# श्रीनगर में मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रात दर्ज

एजेंसी | श्रीनगर

कश्मीर घाटी में मंगलवार को भी शीतलहर जारी रही। श्रीनगर शहर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 0.4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया जिससे इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि उम्मीद के मुताबिक आज घाटी में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आई। श्रीनगर शहर में इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रात शून्य से नीचे 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आने की संभावना है क्योंकि हमें अगले 15 दिनों तक ठंडा और शुष्क मौसम जारी रहने की उम्मीद है।



### बर्फ से ढकीं वादी की पहाड़ियां

रात में साफ आसमान और बर्फ से ढकी पहाड़ियों से घाटी में आ रही ठंडी हवाओं के कारण घाटी में इस समय शीत लहर चल रही है, हालाँकि पारंपरिक कड़ाके की ठंड 40 दिनों की कड़ाके की ठंड की अवधि से शुरू होती है जिसे चिल्लई कलां कहा जाता है। हर साल चिल्लई कलां 21 दिसंबर से शुरू होकर 30 जनवरी को समाप्त होता है।

### भद्रवाह में 1.9 डिग्री सेल्सियस

प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गुलमर्ग में भी शून्य से नीचे 0.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया जबकि पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 3.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री, माता वैष्णो देवी आधार शिविर कटरा में 10.4 डिग्री, बटोत में 4.3 डिग्री और भद्रवाह में 1.9 डिग्री दर्ज किया गया।